RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-211 जयपुर, रविवार, 01 फरवरी 2026 मूल्य-4 रुपये

## पाकिस्तान ने रिहा किए 7 भारतीय अटारी बाघा बार्डर से पहुंचे भारत

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान ने शनिवार को सात भारतीय नागरिकों को रिहा कर दिया। सातों भारतीय नागरिकों ने अटारी -बाघा सीमा के रास्ते भारत में प्रवेश किया। भारतीय सीमा में आने के बाद सभी नागरिकों की जांच प्रक्रिया के बाद परिजनों के हवाले किया जाएगा।

दस्तावेज के मुताबिक यह निर्णय पाकिस्तान गृह मंत्रालय व नारकोटिक्स कंट्रोल मंत्रालय, इस्लामाबाद के परामर्श से लिया है। इसमें स्पष्ट किया गया है भारत सरकार की ओर से संबंधित कैदियों की भारतीय नागरिकता की पुष्टि कर दी है और सभी कैदी अपनी -अपनी सजा की अवधि पूरी कर चुके हैं। इसके बाद उनकी रिहाई की प्रक्रिया शुरू की गई। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के गृह विभाग की ओर से जारी आदेशों के बाद इन भारतीयों को शनिवार को अटारी बॉर्डर के रास्ते बीएसएफ के हवाले किया। यह सभी लाहौर की केंद्रीय जेल में बंद थे। रिहा किए जा रहे भारतीय नागरिकों में चंदर सिंह उर्फ छिंदर सिंह, गुरमीत सिंह उर्फ गुरमेज सिंह, जोगिंदर सिंह, हरविंदर सिंह, विशाल, रतनपाल और सुनील आदे उर्फ प्रसंजीत शामिल हैं।

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज सुबह 11 बजे पेश करेंगी आम बजट

# इनकम टैक्स, किसानों, शिक्षा, डिफेंस और रेलवे से जुड़े बड़े ऐलान संभव

### बजट भाषण के पार्ट बी में इकोनॉमी का विजन संभव

नई दिल्ली

एक फरवरी को संसद में पेश किए जाने वाले बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 75 साल पुरानी परंपरा को तोड़ सकती हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस बार अपने बजट भाषण के भाग-बी में भारत की इकोनॉमी के भविष्य को लेकर विस्तृत विजन पेश कर सकती हैं। अब तक के केंद्रीय बजटों में अधिकांश अहम बातें भाग-ए में होती थीं जबकि भाग-बी आमतौर पर टैक्स और नीतिगत घोषणाओं तक सीमित रहता था।

इस बार के बजट के भाग-बी में सरकार की शॉर्ट टर्म प्रायोरिटीज और लॉन्ग टर्म के टारगेट दोनों को सामने रखा जा सकता है। इसमें 21वीं सदी के दूसरे चरण में प्रवेश कर रहे भारत की लोकल स्ट्रेंग्थ और ग्लोबल एंबीशंस पर जोर दिया जाएगा।



भारत और विदेशों के अर्थशास्त्री इस बजट पर खास नजर बनाए हुए हैं, क्योंकि इसमें सिर्फ टैक्स बदलाव नहीं, बल्कि देश की आर्थिक दिशा का एक व्यापक रोडमैप सामने आने की उम्मीद है।

### नौवीं बार बजट पेश करेंगी सीतारमण

यह सीतारमण का लगातार नौवां बजट होगा। उन्होंने 2019 में अपने पहले बजट में दशकों से बजट दस्तावेजों को ले जाने के लिए इस्तेमाल होने वाले चमड़े के ब्रीफकेस को लाल कपड़े में लिपटे पारंपरिक 'बही-खाता' से बदल दिया था। इस वर्ष का बजट पिछले चार वर्षों की तरह ही पेपरलेस होगा।

वित्त वर्ष 2026 में GDP के 4.5 फीसदी कम घाटे के साथ राजकोषीय कंसोलिडेशन का रोडमैप हासिल करने के बाद, बाजार वित्त वर्ष 2027 के बजट में डेब्ट टु GDP रेशो में कमी की दिशा पर नजर रखेंगे। वे यह भी देखेंगे कि क्या सरकार अगले वित्तीय वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे का कोई विशिष्ट आंकड़ा प्रदान करेगी।

इस वित्तीय वर्ष के लिए सरकार का प्लांड कैपिटल एक्सपेंडिचर 11.2 लाख करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है। निजी क्षेत्र के खिलाड़ियों की सतर्कता को देखते हुए, सरकार नवीनतम बजट में कैपिटल एक्सपेंडिचर पर अपना ध्यान केंद्रित रख सकती है। कैपिटल एक्सपेंडिचरी में वर्तमान स्तर से 10-15 फीसदी की बढ़ोतरी की जाएगी।

VB G RAM G जी जैसी प्रमुख योजनाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर होने वाले खर्च पर भी विशेष नजर रहेगी।

आयकर विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, 15 सितंबर 2025 तक 7.3 करोड़ से ज्यादा आयकर रिटर्न दाखिल किए गए, जो पिछले वर्ष के 7.28 करोड़ के रिकॉर्ड को पार कर गया है। जिनमें से 5.27 करोड़ रिटर्न नई टैक्स व्यवस्था के तहत आए। यह कुल फाइलिंग का 72% से अधिक है।

# सुनेत्रा पवार बनीं महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री

### 12 मिनट का शपथ ग्रहण, शरद पवार नहीं पहुंचे

मुंबई/बारामती

अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बन गईं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने लोकभवन में सुनेत्रा को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह करीब 12 मिनट तक चला। शरद पवार इस समारोह में नहीं पहुंचे।

इससे पहले दिन में एनसीपी विधायक दल और विधान परिषद सदस्यों की विधान भवन में बैठक बुलाई गई थी, जिसमें सुनेत्रा को पार्टी नेता चुना गया था। डिप्टी सीएम की शपथ से पहले सुनेत्रा ने राज्यसभा के सांसद पद से इस्तीफा दे दिया।

सुनेत्रा को राज्य उत्पादन शुल्क, खेल एवं युवा कल्याण और अल्पसंख्यक विकास/औकाफ विभाग दिए गए हैं। वहीं सीएम देवेंद्र फडणवीस ने वित्त विभाग अपने ही पास रखा है। अजित पवार की तीन दिन पहले 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत के बाद डिप्टी सीएम पद खाली हो गया था।



### शपथ के बाद सुनेत्रा बोलीं- दादा के असमय जाने से दुख का पहाड़ टूटा

सुनेत्रा पवार शपथ के बाद 𝕏 पर लिखा- आदरणीय अजीत दादा ने अपनी पूरी ज़िंदगी किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और पिछड़े लोगों को जीवन का एक मार्गदर्शक सिद्धांत दिया। आज, 'शिव-शाहू-फुले-अंबेडकर' के आदर्शों के प्रति समर्पित रहते हुए और उनके विचारों की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, कर्तव्य की भावना के साथ डिप्टी चीफ मिनिस्टर की जिम्मेदारी लेते हुए, मेरा दिल सच में बहुत खुश है।

### पीएम मोदी ने सुनेत्रा पवार को डिप्टी सीएम बनने पर बधाई दी

पीएम ने एक्स पर लिखा, सुनेत्रा पवार जी को महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री के तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करने पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं। वह इस जिम्मेदारी को संभालने वाली पहली महिला हैं। मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों की भलाई के लिए काम करेंगी और स्वर्गीय अजित दादा के विजन को पूरा करेंगी।

# घर लौट-रहे दोस्तों को ट्रोले ने कुचला, 2 की मौत

टोंक

टोंक में बाइक सवार 3 दोस्तों को ट्रोले ने कुचल दिया। हादसे में 2 की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरे को हल्की चोट आई है। हादसा इतना था कि शव हाईवे पर पर बिखर गए। लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को ट्रैफिक रोकना पड़ा।

इसके बाद एम्बुलेंस से शवों को अस्पताल पहुंचाया गया और घायल का इलाज किया गया। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- युवकों को बजरी से भरे ट्रोले ने टक्कर मारी थी। लेकिन, पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। मामले को लेकर जांच जारी है।

मामला टोंक के बरौनी थाना इलाके से गुजर रहे जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे 52 का शनिवार दोपहर 2:15 बजे का है।

पीपलू DSP राम अवतार ने बताया- सोहेला निवासी दिलखुश बैरवा (18) पुत्र श्योकरण बैरवा और सरदारपुरा निवासी धर्मराज बैरवा (20) बनवारी बैरवा की ट्रोले की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य परिचित युवक घायल है, जिसका इलाज किया गया। ड्राइवर फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

### एसआईटी करेगी साध्वी मृत्यु प्रकरण की जांच

# साध्वी प्रेम बाईसा को लगाए थे एक से ज्यादा इंजेक्शन

### आश्रम के बाहर दवा की खाली शीशियां मिलीं

जोधपुर

जोधपुर में साध्वी प्रेम बाईसा की मौत के मामले में चौंकाने वाली बात सामने आई है। साध्वी को एक से ज्यादा डेक्सोना इंजेक्शन लगाए गए थे। ऐसे में साध्वी की मेडिकल हिस्ट्री को खंगाला जाएगा, जिससे उनके अस्थमा होने या न होने का पता लगाया जाएगा। इसके अलावा कंपाउडंर की डिग्री की भी जांच होगी। मामले की जांच कर रही एसआईटी प्रमुख एसीपी वेस्ट छवि शर्मा ने बताया- कंपाउंडर ने



डेक्सोना इंजेक्शन के साथ-साथ अन्य इंजेक्शन देने की बात कही है। इन इंजेक्शनों के नाम, उनकी प्रकृति और मात्रा को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। इन सभी बिंदुओं पर गहन जांच जारी है।

साध्वी प्रेम बाईसा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत को लेकर एसआईटी हर पहलू की जांच कर रही है। इस मामले से जुड़ा हर व्यक्ति फिलहाल शक के दायरे में है। किसी भी एंगल को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा। छवि शर्मा ने बताया- एसआईटी की जांच सिर्फ मेडिकल एंगल तक सीमित नहीं है। आश्रम से जुड़े सभी बैंक खातों की जांच की जा रही है। इसके साथ ही आश्रम से जुड़े लोगों के व्यक्तिगत खातों की भी पड़ताल की जा रही है।

इससे किसी तरह के संदिग्ध लेन-देन का पता लगाया जा सके। फिलहाल एसआईटी सभी पहलुओं को जोड़कर मामले की जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट को इस पूरे केस की सबसे अहम कड़ी माना जा रहा है।

छवि शर्मा ने बताया- एसआईटी ने कंपाउंडर देवी सिंह राजपुरोहित को नोटिस दिया है। उसकी नर्सिंग डिग्री और उससे जुड़े सभी दस्तावेज मांगे गए हैं। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि उसकी डिग्री सही है या नहीं।

### टी20 में भारत की न्यूजीलैंड पर धमाकेदार जीत



### ईशान का शतक, अर्शदीप ने 5 विकेट लिए

तिरुवनंतपुरम

भारत ने न्यूजीलैंड को 46 रन से पांचवां टी-20 हराकर सीरीज 4-1 से जीत ली। शनिवार को तिरुवनंतपुरम में भारत ने बैटिंग चुनी और न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। ईशान ने 42 गेंद पर सेंचुरी लगाई और टीम ने 271 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। न्यूजीलैंड ने फाइट दिखाई, लेकिन टीम 225 रन ही बना सकी। फिन एलन ने 38 गेंद पर 80 रन बनाए। भारत से गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने 5 विकेट लिए। अक्षर पटेल को 3 विकेट मिले। वरुण चक्रवर्ती और रिंकू सिंह ने 1-1 विकेट लिया।

# कोटा में कश्मीर के 5 संदिग्ध हिरासत में लिए आर्मी इंटेलिजेंस-सीआईडी जांच में जुटी

### बारामूला में मदरसा बनाने के लिए चंदा ले रहे थे

कोटा

कोटा में सुरक्षा एजेंसियों ने शनिवार सुबह 8 बजे कश्मीर के रहने वाले 3 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। तीनों बारामूला के रहने वाले हैं। पूछताछ में उन्होंने बताया कि बारामूला में मदरसा निर्माण के लिए कोटा की मुस्लिम बस्तियों से चंदा इकट्ठा कर रहे थे। इससे पहले मकबरा थाना क्षेत्र से भी 2 कश्मीरी युवकों को डिटेन किया गया था।

भीमगंज मंडी थाना अधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया- पिछले 4 दिनों में 2 अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल 5 संदिग्धों को डिटेन किया गया है। भीमगंज मंडी इलाके से पकड़े गए तीनों व्यक्ति बारामूला के निवासी बताए जा रहे हैं, जबकि 3 दिन पहले मकबरा थाना इलाके से 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, डिटेन किए गए लोग कोटा की मुस्लिम बस्तियों में बारामुला में मदरसा निर्माण के नाम पर चंदा इकट्ठा करने की बात कह रहे थे। हालांकि, पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां उनके दावों की सत्यता की जांच कर रही है।

फिलहाल सभी संदिग्ध पुलिस की हिरासत में हैं। उनसे जुड़े दस्तावेजों, संपर्कों और गतिविधियों की गहन पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूरी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी और कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सवारियों से भरी बोलेरो कैंपर पलटी, 26 घायल

**बाड़मेर।** बाड़मेर में शनिवार की शाम सवारियों से भरी बोलेरो कैंपर बेकाबू होकर पलटी खा गई। इससे गाड़ी में सवार 27 में से 26 घायल हो गए, इनमें बच्चे, महिलाएं और पुरुष शामिल है। घटना रामसर थाना इलाके के बबुगुलेरिया रोड स्थित जानकी बेरी गांव में शाम करीब सवा 6 बजे की है। सवारियां जैसलमेर जिले में स्थित मालण माता मंदिर (बरियाड़ा) के दर्शन कर घर लौट रहे थी, इसी दौरान हादसा हो गया। आसपास मौजूद लोगों की मदद से कैंपर में फंसे घायलों को बाहर निकाला और एम्बुलेंस से रामसर हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

# जयपुर में ऑक्सीजन सिलेंडर ब्लास्ट, दो की मौत

### फैक्ट्री के टिनशेड के टुकड़े कॉलोनी में बिखरे

जयपुर

जयपुर के विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में ऑक्सीजन सिलेंडर फट गया। धमाका इतना जोरदार था कि फैक्ट्री के ऊपर का टिन शेड उड़ गया और एक दीवार गिर गई। सिलेंडर ब्लास्ट में काम कर रहे एक युवक के चीथड़े उड़ गए। मैनेजर समेत 2 घायलों को SMS हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान 1 व्यक्ति ने दम तोड़ दिया।



हादसे की सूचना मिलते ही विश्वकर्मा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला है। सूचना पर दमकल की गाड़ियां भी मौके पर पहुंची। विश्वकर्मा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दरअसल, विश्वकर्मा के रोड नंबर 17 पर करणी विहार कॉलोनी में स्थित विल्सन क्रायो गैसेज फैक्ट्री में ऑक्सीजन सिलेंडर भरने का काम किया जाता है। शनिवार को शाम करीब 7:45 बजे सिलेंडर भरे जा रहे थे, तभी एक सिलेंडर फट गया।

डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद ने बताया- हादसे में झारखंड निवासी मुन्ना राय की मौके पर ही मौत हो गई है। फैक्ट्री के मैनेजर विनोद गुप्ता (45) निवासी मुरलीपुरा (जयपुर) और शिबू उर्फ अनुवा निवासी झारखंड घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान विनोद गुप्ता की मौत हो गई। यह फैक्ट्री संतोष गुप्ता की है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

# बलूचिस्तान में एकसाथ 12 जगहों पर हमला, 84 सुरक्षाकर्मियों को मारने का दावा

### पाक पीएम शहबाज बोले- इसके पीछे भारत

क्वेटा

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को बलूच लिबरेशन आर्मी ने एक साथ 12 जगहों पर हमले किए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बलूच लड़ाकों ने 84 सुरक्षाकर्मियों को मारने का दावा किया है।

इससे पहले न्यूज एजेंसी ने बताया था कि 11 आम नागरिकों की मौत हुई है। वहीं, पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में 67 लड़ाके भी मारे गए।

एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि बलूच विद्रोहियों ने क्वेटा, पसनी, मस्तुंग, नुश्की और ग्वादर जिले में शनिवार सुबह 12 से



ज्यादा जगहों पर एक साथ हमले किए। राजधानी क्वेटा में कम से कम चार पुलिसकर्मी मारे गए।

हालांकि यह साफ नहीं हो पाया कि यह चार पुलिसकर्मी उन 10 सुरक्षाकर्मियों में शामिल हैं या नहीं। क्वेटा के एक सीनियर अफसर ने यह भी बताया कि लड़ाकों ने नुश्की जिले के डिप्टी कमिश्नर का अपहरण कर लिया है।

बीएलए ने इसे 'ऑपरेशन हेरोफ' नाम दिया है। हमले के बाद पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने बयान जारी कर दावा किया कि इन हमलों के पीछे भारत का हाथ है।

### क्वेटा के बाजार पर बीएलए लड़ाकों का कब्जा

इन हमलों की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली है। संगठन ने कहा कि उसने सैन्य ठिकानों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निशाना बनाया। साथ ही यह भी दावा किया कि मुख्य हाईवे बंद किए गए, ताकि सेना की कार्रवाई में बाधा डाली जा सके। बीएलए लड़ाकों ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर ये दावा किया है कि उन्होंने क्वेटा के एक बाजार इलाके पर कब्जा कर लिया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, हथियारबंद आतंकी बाजार में घुस आए और कुछ समय के लिए पूरे इलाके पर उनका नियंत्रण रहा। हालांकि, इस घटना को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की ओर से अभी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। क्वेटा में एएफपी के एक पत्रकार ने बताया कि शहर में कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं। पूरे शहर में भारी सुरक्षा तैनात कर दी गई, मुख्य सड़कें सुनसान रहीं और कारोबार ठप हो गया।

38 साल के निजी कर्मचारी अब्दुल वली ने बताया, 'सुबह से लगातार धमाके हो रहे हैं।' उनकी मां अस्पताल में भर्ती हैं और उन्हें खून की जरूरत थी। उन्होंने कहा, 'पुलिस हम पर बंदूक तानती है और कहती है वापस जाओ, वरना मारेंगे। ऐसे में हम क्या करें?

# महिला की मौत के बाद परिजन ने डॉक्टर को पीटा

### धौलपुर में डिलीवरी के बाद बिगड़ी थी तबीयत, आगरा में 5 दिन चला इलाज

धौलपुर

धौलपुर में डिलीवरी के बाद महिला की मौत से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में घुसकर डॉक्टर को पीटा। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें लोग डॉक्टर के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। घटना शहर के घंटाघर रोड स्थित भारत हॉस्पिटल की शुक्रवार की है। हॉस्पिटल में महिला की डिलीवरी हुई थी। तबीयत खराब होने पर डॉक्टरों ने आगरा रेफर कर दिया। आगरा में महिला की तबीयत में सुधार नहीं होने पर परिजन जयपुर एसएमएस हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।



इससे आक्रोशित 20-25 लोग भारत हॉस्पिटल पहुंचे और डॉक्टर अनित जायसवाल की पिटाई कर दी। पीड़ित डॉक्टर का कहना है कि मुझे मामले की कुछ जानकारी नहीं थी। इसके बाद भी लोगों ने मेरे साथ मारपीट की। डॉक्टर की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्जकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। धौलपुर सीओ सिटी, कृष्णराज जांगिड़ ने बताया कि इंदोली बसई नवाब सैपऊ निवासी बबीता (27) पत्नी धर्मेंद्र जाटव की 20 जनवरी को भारत हॉस्पिटल में डिलीवरी हुई थी। डिलीवरी के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। घर पहुंचने के बाद शाम को महिला की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन उसे फिर भारत हॉस्पिटल ले आए।

भारत हॉस्पिटल से बबीता को आगरा रेफर कर दिया गया। आगरा में 5 दिन तक इलाज चला लेकिन, बबीता की तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद महिला को उसके परिजन बुधवार को जयपुर ले गए, जहां एसएमएस अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सच्चा न्याय वही है जिसमें किसी के साथ अन्याय न हो: अखिलेश

## -यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर विपक्ष एक राय नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा लागू किए गए नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रोक लगा दी है। गुरुवार को सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूजीसी प्रमोशन ऑफ इक्विटी रेग्युलेशंस 2026 के प्रावधान प्रथम दृष्टया अस्पष्ट हैं और इनके दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने केंद्र सरकार और यूजीसी से 19 मार्च तक जवाब मांगा है। कोर्ट के इस फैसले के बाद राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सत्ताधारी बीजेपी ने फैसले का स्वागत करते हुए इसे संविधान, सामाजिक समरसता और सनातन मूल्यों की रक्षा से जुड़ा अहम कदम बताया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया और ईडब्ल्यूएस आरक्षण इसका उदाहरण है। वहीं निशिकांत दुबे ने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि संसद में इस मुद्दे पर चर्चा तक नहीं की गई और सुप्रीम कोर्ट ने वही किया जो संविधान के अनुरूप है।

यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा है कि सरकार कोर्ट के आदेश का पूरी तरह पालन करेगी। बीजेपी सांसद मनन कुमार मिश्र और नेता बृजभूषण शरण सिंह ने फैसले को न्यायसंगत बताते हुए कहा कि नए नियमों से सामाजिक टकराव की आशंका थी, जिसे कोर्ट ने समय रहते रोक लगा दी है।

वहीं, विपक्षी दलों की राय इस मुद्दे पर बंटी हुई है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती और टीएमसी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। अखिलेश ने कहा कि सच्चा न्याय वही है जिसमें किसी के साथ अन्याय न हो और कानून की भाषा व नीयत दोनों साफ हों। मायावती ने कहा कि नए नियमों से सामाजिक तनाव पैदा हो रहा था, इसलिए कोर्ट का फैसला सही है।

इसके उलट कांग्रेस और आरजेडी ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने आरोप लगाया कि बीजेपी असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए जाति और धर्म के नाम पर विवाद खड़ा कर रही है। आरजेडी सांसद मनोज झा ने इसे 'यथास्थिति बनाए रखने' की कोशिश बताया। इस बीच कुमार विश्वास ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि देश इस समय किसी भी तरह के बंटवारे को सहन नहीं कर सकता और सरकार को समाधान की दिशा में संवेदनशीलता दिखानी चाहिए।

# माघ मेला छोड़कर गए शंकराचार्य से माफी मांगेगा प्रयागराज प्रशासन

### -अविमुक्तेश्वरानंद ने रखी दो शर्त, दो बड़े अधिकारी संगम में करवाएंगे स्नान



वाराणसी (एजेंसी)। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से प्रयागराज प्रशासन माफी मांगने को तैयार है। शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी ने बताया किया योगी सरकार ने खुद इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शंकराचार्य अचानक माघ मेला छोड़कर वाराणसी चले जाएंगे, प्रयागराज के अफसरों को यह उम्मीद नहीं थी। वे सोच रहे थे माघ पूर्णिमा एक फरवरी के स्नान के बाद शंकराचार्य जाएंगे तब तक उनको मना लेंगे। 28 जनवरी को शंकराचार्य के वाराणसी आने के बाद लखनऊ के दो बड़े अधिकारियों ने सरस्वती से संपर्क किया और पूर्णिमा पर माघ मेले में स-सम्मान स्नान कराने की बात कही है। इस पर शंकराचार्य ने दो शर्त रखी हैं। पहली- जिम्मेदार माफी मांगे, लिखित माफीनामा दें वहीं दूसरी- चारों शंकराचार्य का प्रोटोकॉल स्नान के लिए लागू किया जाए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक योगी सरकार ने बताया कि शासन के कुछ अधिकारी वाराणसी आएंगे। शंकराचार्य को प्रयागराज लेकर जाएंगे। उन्हें माघी पूर्णिमा पर संगम स्नान कराएंगे। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में कंप्यूटर बाबा मौनी अमावस्या से उनके साथ हैं। मौनी अमावस्या पर ही प्रशासन और शंकराचार्य के शिष्यों के बीच विवाद और मारपीट हुई थी। शंकराचार्य के साथ वाराणसी में बैठक कर आगे की रणनीति तय कर ली गई है।

# दिल्ली में राशन कार्डधारियों को नोटिस जारी.... मांगी जा रही ये सारी जानकारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने उन राशन कार्डधारियों को नोटिस जारी किया है जिनके पास जमीन के साथ घर और अपनी गाड़ी भी है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा जारी जांच अभियान के बाद इसतरह के लोगों को मैसेज के जरिए नोटिस जारी किया जा रहा है। उनसे जवाब देने को कहा गया है। अगर वह ऐसा नहीं करते हैं, तब उनका राशन कार्ड रद्द किया जाएगा। हालांकि दिल्ली सरकारी राशन डीलर्स संघ ने सरकार के इस तरह जारी नोटिस पर सवाल उठाकर सीएम रेखा गुप्ता को चिट्ठी भी लिखी है। रेखा सरकार की तरफ से जारी नोटिस में उनकी गाड़ी, घर की जानकारी के साथ ही उनके आय के बारे में भी जानकारी मांगी गई है। साथ ही राशन कार्ड के लिए न्यूनतम सालाना एक लाख की आय को लेकर राजस्व विभाग की ओर से जारी आय प्रमाण पत्र भी जमा करने को कहा गया है। यह आय प्रमाण पत्र अनिवार्य किया गया है। अगर वह ऐसा नहीं करते हैं,तब उनका अगले महीने से राशन कार्ड रद्द हो जाएगा। दिल्ली में बीते दिनों राशन कार्ड धारकों को लेकर चले जांच अभियान के दौरान आठ लाख से अधिक लोग अपात्र मिले हैं। राशन डीलर संघ के मुताबिक दिल्ली सरकार का यह जांच अभियान ठीक है लेकिन इसतरह के लोगों को नोटिस दिया जा रहा है जिनका दिल्ली में कोई जमीन नहीं है। उनके मुताबिक दिल्ली में बहुत से लोग बाहर से आकर रहते हैं। उनकी गांव में थोड़ी बहुत जमीन है। इस बात को आधार बनाकर उन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है।

# क्रिप्टो निवेश के नाम पर 1.80 करोड़ की ठगी, 26 लोगों को बनाया शिकार

जोधपुर (एजेंसी)। राजस्थान के जोधपुर जिले में क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर बड़े स्तर की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने मोटे मुनाफे का लालच देकर 26 लोगों से करीब 1.80 करोड़ रुपए हड़प लिए और बाद में ऑफिस बंद कर फरार हो गए। इस संबंध में जोधपुर के थाने में न्यायालय परिवाद के जरिए मामला दर्ज कराया गया है। पीड़ित सिद्दपा भीमराय पडशेटी, निवासी सालोटगी, जिला बीजापुर (कर्नाटक) ने रिपोर्ट में बताया कि वर्ष 2022 में उन्होंने यूट्यूब पर 'केपमोर अपेक्स' नामक कंपनी का वीडियो विज्ञापन देखा था। इसमें अजय आर्य नामक व्यक्ति क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का दावा कर रहा था और ट्रेडिंग ट्रेनिंग देने की बात वीडियो में की जा रही थी। विज्ञापन में दिए गए नंबर पर संपर्क करने पर आरोपी अजय ने खुद को श्रीगंगानगर निवासी बताकर देश के कई शहरों में कंपनी के ऑफिस होने का दावा किया। आरोपी ने भरोसा दिलाया कि निवेश करने वालों को तय समय में अच्छा रिटर्न मिलेगा। उसके झांसे में आकर पीड़ित और उसके परिचितों ने करीब सवा साल के दौरान नकद और ऑनलाइन माध्यम से बड़ी रकम निवेश कर दी। बाद में अजय और उसके साथियों ने कर्नाटक के विजयापुरा में खोला गया ऑफिस बंद कर श्रीगंगानगर आ गए। पीड़ित का आरोप है कि बार-बार संपर्क करने पर आरोपी केवल बहाने बनाते रहे और रुपए लौटाने का झूठा आश्वासन देते रहे। कुछ समय बाद अजय घर से गायब हो गया और उसका मोबाइल भी बंद आने लगा। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने इसी तरह कई अन्य लोगों से भी करोड़ों की ठगी की और ठगी की रकम से अपने व परिवार के नाम संपत्तियां खरीदीं। रिपोर्ट के आधार पर अजय आर्य, दीपक आर्य, लजपत आर्य, सौरभ चावला, सलोनी चावला, करमजीत सिंह, बलजीत सिंह और राजेंद्र सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# लखनऊ एयरपोर्ट से सऊदी के लिए उड़ा विमान...फिर लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के लखनऊ एयरपोर्ट से सऊदी अरब जा रहे एक विमान की शुक्रवार को इमरजेंसी लैंडिंग हुई। उड़ान के कुछ समय बाद विमान में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। सूत्रों के मुताबिक, जब विमान मुंबई के पास पहुंचा, तब केबिन प्रेशर में समस्या आ गई। इसके चलते कुछ यात्रियों को सांस लेने में परेशानी हुई। गंभीर हालात देखकर पायलट ने पहले मुंबई एयरपोर्ट से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी, लेकिन वहां से परमिशन नहीं मिली। इसके बाद पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट से संपर्क किया। लखनऊ से इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मिलते ही विमान वापस लौट आया। करीब 82 मिनट में विमान सुरक्षित रूप से लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा। खराबी दूर होने पर विमान जेद्दा के लिए रवाना हो गया। यह विमान सऊदिया अरबिया एयरलाइंस का था। फ्लाइट नंबर एसवी-891 जेद्दा जा रही थी। विमान में 275 यात्री, 4 पायलट और 6 क्रू मेंबर सवार हैं। जानकारी के मुताबिक, विमान का तय समय दोपहर 12:05 बजे था, लेकिन यह 12:23 बजे उड़ान भर सका। दोपहर करीब 1:45 बजे विमान को बीच रास्ते से वापस लाना पड़ा। यात्रियों को विमान से उतारा नहीं गया। इंजीनियरों ने तकनीकी खराबी दूर कर दी। विमान शाम 4:20 बजे जेद्दा के लिए रवाना हुआ।

**क्या है केबिन प्रेशर-** विमान में केबिन प्रेशर आर्टिफिशियल एयर प्रेशर है, जिसे हवाई जहाज के अंदर बनाए रखा जाता है। इससे जब विमान 30,000 से 40,000 फीट की ऊंचाई पर होता है, तब भी लोगों को सांस लेने में दिक्कत नहीं होती। केबिन प्रेशर उस ऊंचाई में भी 6,000-8,000 फीट की ऊंचाई के बराबर वाला एयर प्रेशर बनाकर रखता है। इससे यात्री आसानी से सांस लेते रहते हैं।

# भारत में निपाह वायरस के फैलने का जोखिम कम... डब्ल्यूएचओ ने माना

नई दिल्ली (एजेंसी)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि भारत में निपाह वायरस के फैलने का जोखिम कम है और देश में वायरस संक्रमण के दो मामले सामने आने के बाद यात्रा या व्यापार प्रतिबंध लगाने की कोई जरुरत नहीं है। यह घटना कई एशियाई देशों द्वारा अपने क्षेत्रों में आने वाले लोगों में वायरस के लक्षणों की जांच तेज करने के बाद हुई है। चूंकि भारत पहले भी निपाह के प्रकोप को नियंत्रित करने की अपनी क्षमता दिखा चुका है, इसलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मान लिया है कि मानव-से-मानव संक्रमण में वृद्धि का कोई प्रमाण नहीं है।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि अन्य भारतीय राज्यों या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके फैलने की संभावना कम है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि की कि पिछले साल दिसंबर से अब तक पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस रोग के केवल दो मामले सामने आए हैं। इसके बाद, केंद्र ने बंगाल सरकार के समन्वय से प्रोटोकॉल के अनुसार त्वरित और व्यापक जन स्वास्थ्य उपाय शुरू किए। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि जोखिम मूल्यांकन, निगरानी और प्रकोप से निपटने के प्रयासों में सहयोग देने के लिए भारत में राष्ट्रीय और राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मिलकर काम करना जारी रखे हुए है।

# जो कंपनी देगी बिहारवासियों को नौकरी... उन पर मेहरबान रहेगी नीतीश सरकार

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार का फोकस अब युवाओं की जॉब और रोजगार पर हो गया है। चुनाव के वक्त अगले पांच साल में राज्य के 1 करोड़ बेरोजगार युवाओं को जॉब और रोजगार देने का जो वादा सुशासन बाबू ने किया था, राज्य सरकार ने अब इसके अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। जल्द ही राज्य के युवाओं के लिए आईटी और सेवा क्षेत्र में रोजगार के बड़े मौके आने वाले हैं।



नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में बिहार वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) नीति-2026 को मंजूरी दे दी गई। इस नीति के तहत बिहार में कॉल सेंटर या ग्लोबल सेंटर स्थापित करने वाली अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय कंपनियों को नीतीश सरकार वित्तीय मदद प्रदान करेगी। ताकि यहां के युवाओं को रोजगार के मौके मिल सके और उन्हें काम की तलाश में दूसरे राज्य न जाना पड़े। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने बताया कि राज्य में निवेश और रोजगार बढ़ाने के उद्देश्य से यह ऐतिहासिक फैसला हुआ है।

नई नीति के तहत, यदि कोई वैश्विक स्तर की कंपनी बिहार में अपना कॉल सेंटर या क्षमता केंद्र स्थापित करती है, तब उसके कुल पूंजीगत व्यय का 30 प्रतिशत हिस्सा अनुदान के रूप में सरकार देगी। यह अनुदान राशि अधिकतम 50 करोड़ रुपये तक हो सकती है। यदि कंपनी बिहार के मूल निवासियों को अधिक संख्या में रोजगार देती है, तब इस अनुदान की सीमा को और बढ़ाया जा सकेगा। अनुदान का लाभ केवल इंफ्रास्ट्रक्चर तक सीमित नहीं रहेगा। कंपनियों को कार्यालय का किराया, रिसर्च एंड डेवलपमेंट और अन्य परिचालन खर्चों पर भी सहायता मिलेगी।

# खतरे में देहरादून की हरियाली, काटने पड़ सकते हैं 20 हजार पेड़

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के देहरादून जिले के साल के वनों पर होपलो कीट (साल बोरर कीट) के बढ़ते हमले से हरियाली खतरे में आ गई है। यह कीट साल के पेड़ों को भीतर से खोखला करता है, जिससे उनका जीवन गंभीर रूप से प्रभावित होता है। होपलो सबसे पहले पेड़ की छाल में छोटे छेद बनाकर अंडे देता है। अंडों से निकलने वाली लार्वा तने के अंदर सुरंग बनाकर हृदयकाष्ठ को खोखला करती है। इससे पेड़ का पानी और पोषक तत्वों का प्रवाह रुक जाता है, और समय के साथ पेड़ ऊपर से सूखकर कमजोर होकर गिरने लगता है। प्रभावित पेड़ों से तने में छेद, रस का रिसाव और बुरादा गिरना दिखाई देता है, जो संक्रमण के प्रमुख संकेत हैं।



उत्तराखंड वन विभाग के अनुसार देहरादून वन प्रभाग में करीब 12 हजार, कालसी में 5000 और मसूरी में 3000 से अधिक साल के पेड़ होपलो से प्रभावित हैं। तीनों प्रभागों में साल के वनों की हिस्सेदारी करीब 70 प्रतिशत है। गंभीर रूप से संक्रमित पेड़ों को कटान (कंटेनमेंट फेलिंग) के माध्यम से जंगल से बाहर निकालकर नष्ट किया जाता है, ताकि कीट का फैलाव रोका जा सके। कम प्रभावित पेड़ों में कीट आकर्षक ट्रैप, तने पर कीटनाशक पेस्टिंग और जंगल की सफाई जैसे उपाय किए जाते हैं। इतना ही नहीं वन विभाग ने समस्या के समाधान के लिए वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) की टीम से मदद मांगी है। एफआरआई ने देहरादून वन प्रभाग का निरीक्षण कर लिया है, जबकि कालसी और मसूरी में टीम का दौरा प्रस्तावित है। वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. अरुण प्रताप के अनुसार, होपलो का ठोस उपचार नहीं है, लेकिन संक्रमित पेड़ों की पहचान और उचित कार्रवाई संक्रमण को फैलने से रोकने में मदद करती है। सालाना कटान के अनुसार हर वर्ष लगभग 2000 पेड़ इस कीट के कारण काटने पड़ते हैं। इस वर्ष होपलो कीटों का प्रकोप सामान्य से अधिक होने की आशंका है, जिससे देहरादून के साल के वनों को गंभीर नुकसान का खतरा है। वन विभाग लगातार निरीक्षण, कीट नियंत्रण और जंगल की सफाई के माध्यम से इस समस्या से निपटने की कोशिश कर रहा है।

इन खास ट्रैपों में कीट आकर्षित होकर फंसते हैं। इसके लिए साल के कुछ पेड़ों को काटकर कीटों के लिए चारा तैयार किया जाता है। कई जगह इससे 50 से 70 प्रतिशत तक कीट पकड़ने में सफलता मिलती है। यह कम प्रभावित पेड़ों के मामले में किया जाता है। इसके अलावा तने पर कीटनाशक का छिड़काव/पेस्टिंग (वैज्ञानिक निर्देश अनुसार) किया जाता है। इसमें लार्वा और वयस्क कीट मर जाते हैं। इसके अलावा जंगल की सफाई और सूखी लकड़ी हटाने की कार्रवाई भी की जाती है। क्योंकि सूखे पत्ते, टूटे तने, मरी लकड़ी आदि कीट के प्रजनन स्थान बनते हैं। इनकी सफाई संक्रमण को रोकने में बहुत मदद करती है।

### हर साल 2000 पेड़ों को पड़ता है काटना

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष होपलो कीटों का प्रकोप कुछ अधिक है। क्योंकि, सामान्य रूप में साल के पेड़ों में यह कीट पाए ही जाते हैं। जिस कारण एक वन प्रभाग में औसतन दो हजार के करीब पेड़ों को इस कीट रोग के कारण काटना पड़ जाता है। इस वर्ष कुछ अधिक पेड़ इस कीट की भेंट चढ़ सकते हैं।

# बंगाल में सुवेंदु अधिकारी ने लगाए गंभीर आरोप कहा- वोटर्स की वेरिफिकेशन प्रक्रिया में हो रही हेराफेरी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के बीच राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने राज्य प्रशासन और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि अधिकारियों को वेरिफिकेशन प्रक्रिया में हेराफेरी करने के गैर-कानूनी आदेश दिए जा रहे हैं। उन्होंने इसे लोकतंत्र को कमजोर करने वाला एक बेशर्म गठजोड़ करार दिया है। अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक कथित व्हाट्सएप मैसेज का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए सनसनीखेज खुलासा किया। उन्होंने दावा किया कि दक्षिण 24 परगना के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) की ओर से अधिकारियों को विशेष निर्देश भेजे गए हैं। इस कथित संदेश में अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वे वेरिफिकेशन के दौरान किसी भी स्थिति में नॉट वेरिफाइड (सत्यापित नहीं) विकल्प का चयन न करें।




अधिकारी ने बताया कि प्रशासन ने हर दिन 3,000 वेरिफिकेशन का लक्ष्य पूरा करने का दबाव बनाया है, जो प्रक्रिया की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि यह आदेश सीधा और स्पष्ट रूप से चुनाव प्रक्रिया में हेराफेरी करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जानबूझकर नॉट वेरिफाइड मार्क करने से रोका जा रहा है, ताकि उन अयोग्य मतदाताओं और फर्जी प्रविष्टियों को मतदाता सूची से बाहर न किया जा सके, जिन्हें टीएमसी ने अपने वोटबैंक के रूप में सूची में शामिल करवाया है। उनके अनुसार, ममता बनर्जी सरकार भारत के चुनाव आयोग के पारदर्शी मतदाता सूची के आदेशों को धता बताने के लिए जिला प्रशासन का एक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रही है।

सुवेंदु अधिकारी ने तंज कसते हुए कहा कि टीएमसी इस बात से डरी हुई है कि यदि निष्पक्ष जांच हुई, तो उनका लंबे समय से चला आ रहा चुनावी धोखाधड़ी का खेल उजागर हो जाएगा। उन्होंने दावा किया कि प्रशासनिक अधिकारों का यह दुरुपयोग केवल सत्ताधारी दल के राजनीतिक हितों को साधने के लिए किया जा रहा है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष ने भारत के चुनाव आयोग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने आयोग से अनुरोध किया है कि वह एडीएम और उन सभी अधिकारियों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच शुरू करे जो इन गैर-कानूनी निर्देशों को जारी करने या पालन करने में संलिप्त हैं। सुवेंदु अधिकारी ने मांग की है कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि चुनाव प्रक्रिया की शुचिता बनी रहे।

# एसआईआर में फॉर्म-7 का दुरुपयोग कर वोटर लिस्ट से काटे जा रहे नाम?

## -कांग्रेस ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र, तत्काल हस्तक्षेप और स्वतंत्र जांच की मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दौरान फॉर्म-7 के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग का आरोप लगाया है। पार्टी ने चुनाव आयोग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। कांग्रेस का दावा है कि सत्तारूढ़ बीजेपी से जुड़े लोग और अज्ञात व्यक्ति टारगेट वर्गों के मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से गलत तरीके से हटाने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि फॉर्म-7 का इस्तेमाल कर लाखों पात्र मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किया जा रहा है जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।



मीडिया रिपोर्ट में कांग्रेस के मुताबिक राजस्थान से शुरू हुई शिकायतें अब गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम और केरल समेत 12 राज्यों से सामने आई हैं। पार्टी का कहना है कि इससे साफ होता है कि यह मामला न तो स्थानीय है और न ही अलग-थलग है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि जांच में एक समान पैटर्न सामने आया है। इसके तहत केंद्रीकृत प्रणाली के जरिए पहले से छपे हुए फार्म-7 तैयार किए गए, जिनका इस्तेमाल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यकों और 60 साल से ज्यादा उम्र के वरिष्ठ नागरिकों जैसे विशेष समूहों के खिलाफ सामूहिक आपत्तियां दर्ज कराने में किया गया है।

कांग्रेस ने कहा कि इन फार्म को बाद में बूथ लेवल अधिकारियों को सौंपा गया। कई मामलों में फॉर्म में आपत्ति दर्ज कराने वाले व्यक्ति की पहचान, सही मोबाइल नंबर और वैध ईपीआईसी विवरण तक दर्ज नहीं पाए गए जबकि नियमों के तहत यह अनिवार्य है। पार्टी का दावा है कि जिन लोगों के नाम आपत्तिकर्ता के रूप में दर्ज थे, उनमें से कई ने सार्वजनिक रूप से किसी भी फॉर्म को जमा करने से इनकार किया। कुछ मामलों में ये लोग बीजेपी से जुड़े बूथ लेवल एजेंट पाए गए, जबकि कई पूरी तरह अज्ञात व्यक्ति निकले। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से मांग की है कि फॉर्म के दुरुपयोग की तत्काल और स्वतंत्र जांच कराई जाए, दोषियों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई हो और जिन मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटाए गए हैं, उन्हें तुरंत जोड़ा जाए।


# ऑस्ट्रेलिया की तर्ज पर गोवा में सोशल मीडिया का उपयोग नहीं कर पाएंगे नाबालिग

**पणजी (एजेंसी)।** आधुनिक समय में मोबाइल फोन और सोशल मीडिया बच्चों के जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बन गए हैं। छोटे बच्चे भी अपना काफी समय इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर बिता रहे हैं। इस स्थिति के कारण बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहे नकारात्मक प्रभावों को देखते हुए गोवा सरकार अब एक कड़ा कदम उठाने की योजना बना रही है। राज्य सरकार आस्ट्रेलिया की तर्ज पर 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। इस बात का स्पष्ट संकेत खुद राज्य के मंत्री ने दिया है, जिससे देशभर में एक नई बहस छिड़ गई है।

सरकार का प्राथमिक तर्क यह है कि बच्चों को मोबाइल की गंभीर लत, हानिकारक कंटेंट और सोशल मीडिया के कारण पैदा होने वाले मानसिक दबाव से बचाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। अधिकारियों का मानना है कि कम उम्र में सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग बच्चों के संज्ञानात्मक विकास और व्यवहार पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। हालांकि, यह फैसला अभी शुरुआती चर्चा के चरण में है और पूरी तरह लागू नहीं हुआ है, लेकिन इस प्रस्ताव ने अभिभावकों, शिक्षकों और नीति निर्माताओं के बीच हलचल पैदा कर दी है।

गोवा सरकार के अनुसार, आजकल बच्चे बहुत ही कम उम्र में मोबाइल और सोशल मीडिया के आदी हो रहे हैं। स्क्रीन के सामने घंटों बिताने से न केवल उनकी आंखों और नींद पर बुरा असर पड़ रहा है, बल्कि उनके सोचने की क्षमता भी प्रभावित हो रही है। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया पर उम्र के लिहाज से अनुपयुक्त वीडियो, गलत जानकारी और अजनबियों से होने वाले संपर्क बच्चों के लिए जोखिम भरे साबित हो रहे हैं। साइबर बुलिंग और ऑनलाइन उत्पीड़न की बढ़ती घटनाएं भी सरकार के लिए चिंता का एक मुख्य कारण हैं। इन्हीं सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को देखते हुए सरकार 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को इन डिजिटल मंचों से दूर रखने की रूपरेखा तैयार कर रही है।

गौरतलब है कि गोवा सरकार का यह विचार वैश्विक रुझानों से प्रेरित नजर आता है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाकर एक मिसाल पेश की है। वहां बच्चों को इंस्टाग्राम, फेसबुक और टिकटॉक जैसे ऐप्स के इस्तेमाल की अनुमति नहीं है। ऑस्ट्रेलिया सरकार का तर्क है कि ऐसे नियमों से बच्चों का बचपन सुरक्षित रहेगा और वे आभासी दुनिया के बजाय किताबों, खेलों और अपने परिवार के साथ अधिक समय बिता सकेंगे। गोवा भी इसी मॉडल को अपनाकर बच्चों को एक स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की दिशा में आगे बढ़ सकता है।



# महिला लाभार्थी संवादः मोदी सरकार ने बदली महिलाओं के प्रति सोच—राखी राठौड़

## 'हर बूथ महिला मजबूत' अभियान का आगाज, भीलवाड़ा में भाजपा महिला मोर्चा का संवाद कार्यक्रम

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भाजपा जिला संगठन के नेतृत्व एवं भाजपा महिला मोर्चा के सानिध्य में शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में महिला लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ मुख्य अतिथि रहीं, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवांगी कानावत, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अंजू मिश्रा



व पिंकी मंडावत, अजमेर संभाग प्रभारी वनिता जेमन तथा जयपुर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराधा कचोलिया उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों से महिलाओं के प्रति सोच और नजरिया बदला है। 'लखपति दीदी' जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाएं अब रोजगार देने की भूमिका में आ रही हैं और देश की अर्थव्यवस्था की ग्रोथ इंजन बन रही हैं। उन्होंने बताया कि 'हर बूथ महिला मजबूत' अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर महिला मोर्चा की 11 कार्यकर्ताओं की टीम तैयार की जाएगी, जो सरकार की योजनाओं और पार्टी के विजन को घर-घर तक पहुंचाएगी।

राठौड़ ने कहा कि महिला मोर्चा ने 'हर वोट महिला मजबूत' अभियान की शुरुआत की है, जिसके तहत महिलाओं की टीमें योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। उन्होंने नारी शक्ति अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा कि 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान ऐतिहासिक कदम है, हालांकि महिलाओं की भागीदारी और बढ़ाई जानी चाहिए।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि भाजपा सत्ता और संगठन दोनों में महिलाओं को पूर्ण भागीदारी देती है। उन्होंने चुनावों में सक्रिय महिला कार्यकर्ताओं को आगे लाने की आवश्यकता पर जोर दिया और हाल ही में आयोजित स्वदेशी मेले की सराहना की।

इससे पूर्व विभिन्न महिला संगठनों ने प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन इंदु बंसल एवं सावित्री शर्मा ने किया। भाजपा जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी ने बताया कि महिला मोर्चा की नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष के प्रथम भीलवाड़ा आगमन पर बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# एनजीटी ने 8.5 लाख पेड़ नहीं लगाने के मामले में सख्त रुख अपनाया

## राजस्थान के पीसीसीएफ को नोटिस, जवाब नहीं देने पर व्यक्तिगत रूप से पेश होने के आदेश

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल भोपाल ने नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया द्वारा राजस्थान में राजमार्गों के निर्माण एवं चोड़ा करने के दौरान काटे गये लाखों पेड़ों के बदले शर्तों के अनुसार 3 गुना, 5 गुना एवं 10 गुना लगभग 8.5 लाख पेड़ नहीं लगाने के मामले में वन विभाग की उदासीनता पर कड़ा रुख अपनाया है। पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू द्वारा अधिवक्ता लोकेन्द्र सिंह कच्छावा के मार्फत दायर जनहित याचिका 87/2025 की सुनवाई करते हुए एनजीटी ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक, जयपुर, को शीघ्र जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। माननीय न्यायमूर्ति श्यो कुमार सिंह एवं विशेषज्ञ सदस्य



सुधीर कुमार चतुर्वेदी की पीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि बार-बार निर्देशों के बावजूद प्रधान मुख्य वन संरक्षक, जयपुर की ओर से अब तक कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया है। एनजीटी ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को आदेश दिया है कि वह एक सप्ताह के भीतर प्रधान मुख्य वन संरक्षक को नोटिस की तामील कराए तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरणद्वारा वन विभाग में जमा की गई पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि के उपयोग का पूरा विवरण दो सप्ताह के भीतर प्रस्तुत किया जाए। अधिकरण ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समयसीमा में जवाब दाखिल नहीं किया गया, तो प्रधान मुख्य वन संरक्षक को अगली सुनवाई दिनांक 19 मार्च, 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा। याचिकाकर्ता बाबूलाल जाजू ने इस आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश में सड़क मागों को चोड़ा करने के दौरान काटे गये विशालकाय लाखों पेड़ों के बदले पौधे लगाकर उनका रखरखाव के दिये गये निर्देशों की पूर्ण रूप से पालना नहीं करने पर जाजू को मजबूरन पुनः जनहित याचिका दायर करनी पड़ी।

# सड़क सुरक्षा माह 2026 समापन



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

सड़क सुरक्षा माह 2026 का समापन समारोह का आयोजन जिला परिवहन कार्यालय किया गया। जिसमें मुख्य अथिति पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) मनीष चारण, विशिष्ट अथिति अनिल कुमार जैन, से.नि. प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, वरिष्ठ परिवहन निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, लेखाधिकारी सत्यनारायण बलाई, प्रशासनिक अधिकारी यूनूस मोहम्मद एवं कार्यालय के अन्य सभी परिवहन निरीक्षक एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम की शुरूआत में सड़क सुरक्षा जागरूकता संदेश हेतु से.मु.मा.कन्या माहाविद्यालय की छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटिका की प्रस्तुति की गई, एवं चिकित्सा विभाग भीलवाड़ा के नर्सिग ट्युटर अरूण पुरोहित द्वारा समारोह में मौजूद लोगों को सीपीआर की जानकारी दी प्रदान की गई। तत्पश्चात सड़क सुरक्षा माह के दौरान विभिन्न विद्यालय एवं माहाविद्यालयों में आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं, यातायात पुलिस, चिकित्सा विभाग, स्वंयसेवी सस्थाओं एवं हितधारक विभागों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में मुख्य अथिति पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) मनीष चारण, विशिष्ट अथिति अनिल कुमार जैन, से.नि. प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, वरिष्ठ परिवहन निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता पर संबोधन दिया जाकर सड़क सुरक्षा जागरूता हेतु प्रोतसाहित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अथिति द्वारा सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाकर समारोह का समापन किया गया।

# बिजली विभाग के अधिकारी-कार्मिक क्षेत्र की जनता की समस्याओं का करें त्वरित समाधान-विधायक शर्मा

स्मार्ट हलचल

मांडलगढ़। उपखण्ड मुख्यालय पर शनिवार को विधायक गोपाल लाल शर्मा (खण्डेलवाल) के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र मांडलगढ़ के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं की सुनवाई एवं निवारण हेतु एक खंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन पंचायत समिति सभागार में किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में भीलवाड़ा वृत्त अधीक्षण अभियंता ओ.पी. महला, अधिशाषी अभियंता अर्जुन सिंह मीणा,सहायक अभियंता लेखराज खाती,भारत कुमार पँवार,ललित मेवाड़ा तथा कनिष्ठ अभियंताओ की मौजूदगी में जनसमस्याओं को सुना गया । जनसुनवाई कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र मांडलगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा बिजली आपूर्ति में व्यवधान, गलत बिलिंग, मीटर संबंधी समस्याएँ, नए विद्युत कनेक्शन, ट्रांसफार्मर खराब होने, वोल्टेज की समस्या



तथा अन्य विद्युत संबंधी शिकायतें प्रस्तुत की गई।विधायक शर्मा द्वारा सभी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जनसुनवाई कार्यक्रम मे 17 शिकायते प्राप्त हुई जिनमे से 2 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया तथा अन्य शिकायतों के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विधायक शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक कदम उठाए जाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को समयबद्ध, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित उपभोक्ताओं ने जनसुनवाई के आयोजन पर संतोष व्यक्त करते हुए आशा जताई कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। यह जनसुनवाई कार्यक्रम उपभोक्ताओं और विद्युत विभाग के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने वाले विद्युत उपभोक्ताओं को प्रोत्साहन स्वरूप इंडक्शन कूकर वितरित किए गए। कार्यक्रम में कुल 22 उपभोक्ताओ को इन्डक्शन कूकर वितरित किये गए। इस अवसर पर विधायक शर्मा द्वारा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि रूफटॉप सोलर से न केवल विद्युत बिलों में कमी आती है, बल्कि स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने अधिक से अधिक उपभोक्ताओं से योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभों, अनुदान प्रक्रिया एवं आवेदन संबंधी जानकारी भी उपभोक्ताओं को प्रदान की गई।

# नर्सेज ने सीएमएचओ से की मेडिसिन स्टोर के चार्ज से मुक्ति की मांग



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान नर्सेज यूनियन के जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व मे ग्रामीण क्षेत्र के नर्सेज ने भीलवाड़ा सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जयपुर ने फ़ार्मासिस्ट का जॉब चार्ट जारी कर दीया है जिसमे स्पष्ट रूप् से उन्हें चिकित्सालयो मे दवाई वितरण और भंडारण का कार्य आवटिंत किया है अतः भीलवाड़ा सीएमएचओ भी जल्द से जल्द एक आर्डर जारी कर सम्पूर्ण भीलवाड़ा जिले के नर्सेज को अनावश्यक मेडिसिन के भंडारण चार्ज से मुक्ति प्रदान करे।

यूनियन प्रवक्ता गिरिराज लढा ने बताया की भरतपुर और हनुमानगढ़ के सीएमएचओ ने आर्डर जारी कर नर्सेज को राहत प्रदान की है उसी तरह भीलवाड़ा सीएमएचओ भी नर्सेज की इस जायज मांग को पूरा करे। ज्ञापन देने मे सहाड़ा ब्लॉक से यूनियन ग्रामीण उपाध्यक्ष पारस जैन, नर्सेज न्यूज़ 24 के संयोजक नूर मोहम्मद खान, गुरला से नीरज कुमार, गाडरमाला से सीनियर नर्सिंग ऑफिसर राजेश सांखला, खेराबाद से भूपेंद्र सिंह, भगवानपुरा से सुरेश बलाई, गंगापुर से सुमंत व्यास, विनोद सोनी, बडा महुआ से अमित शर्मा, करण सिंह, ललित जीनगर, दिनेश खटीक, नितीश मीणा, चंदू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भगवान श्री विश्वकर्मा जी के जयन्ति पर निकाली शोभायात्रा



स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** सिंगोली चारभुजा में स्थित भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में शनिवार को जांगिड़ समाज आम छोकला द्वारा विश्वकर्मा जयन्ति हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। चारों ओर भगवान श्री विश्वकर्मा के जयकारों से वातावरण धर्ममय हो गया। समाजसेवी सत्यनारायण सुथार ने बताया कि शोभायात्रा विश्वकर्मा मंदिर परिसर से भगवान विश्वकर्मा नाथ की झांकी सजा प्रातः 10 बजे से गाजे-बाजे के साथ शुरू होकर सिंगोली बस स्टैंड, एवं मुख्य मार्गो से होते पुनः विश्वकर्मा मंदिर परिसर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। यात्रा के पुनः मंदिर परिसर पहुँचने पर महाआरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। विश्वकर्मा मंदिर पर शोभायात्रा पहुंचने पर समाज बंधुओं द्वारा स्वागत कर समापन किया गया। इस अवसर पर जांगिड़ समाज विकास कमेटी की बैठक आयोजित कर सामाजिक विकास पर चर्चा एवं वरिष्ठजन सम्मान समारोह किया गया। कार्यक्रम का संचालन भवानीशंकर जांगिड़ ने किया। विश्वकर्मा जयन्ति की पूर्व संध्या पर मंदिर परिसर में विशाल जागरण एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें प्रसिद्ध कलाकार युवराज वैष्णव,(मंडल) ने भगवान श्री विश्वकर्मा जी के भजनों की प्रस्तुतियां दीं। देर रात तक चली इस भजन संध्या में भक्त भक्ति रस में सराबोर होकर झूमते नजर आए। इस अवसर पर सिंगोली जांगीड़ समाज विकास कमेटी द्वारा मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, मांडलगढ़ प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा, बाणमाता शक्तिपीठ अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, एवं जनप्रतिनिधि का माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान त्रिवेणी जांगिड़ समाज विकास कमेटी अध्यक्ष कैलाश चंद्र सुथार, सिंगोली अध्यक्ष कन्हैयालाल सुथार, मोडू लाल सुथार, मदन लाल सुथार, सहित समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# कमलेश पुरोहित खड़दहा (109) पश्चिम बंगाल विधानसभा प्रवासी मनोनित

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के सफल संचालन को लेकर केंद्रीय नेतृत्व ने संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राजस्थान के अनुभवी कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इसी क्रम में चित्तौड़गढ़ के भाजपा नेता कमलेश पुरोहित को कोलकाता महानगर की खड़दहा (109) विधानसभा का विधानसभा प्रवासी नियुक्त किया गया है। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार कमलेश पुरोहित ने आज 30 जनवरी 2026 को कोलकाता स्थित नेशनल लाइब्रेरी में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में सम्मिलित हुए। इस नियुक्ति का उद्देश्य खड़दहा विधानसभा क्षेत्र में संगठन को सशक्त करना तथा चुनावी तैयारियों को गति प्रदान करना है।

राज्य स्तरीय बैठक के पश्चात पुरोहित सीधे खड़दहा (109) विधानसभा क्षेत्र के लिए रवाना होंगे, जहां वे आगामी 10 दिनों तक प्रवास



करेंगे। इस दौरान वे मंडल अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रभारियों एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बैठकें कर संगठन को मजबूत करेंगे। इस प्रवास के दौरान बूथ प्रबंधन, कार्यकर्ता समन्वय एवं जनसंपर्क को सशक्त करने पर विशेष फोकस रहेगा, ताकि विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को निर्णायक बढ़त दिलाई जा सके। अपनी नियुक्ति पर पुरोहित ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरते हुए 'समर्पण के साथ, कमल के संकल्प के साथ हम खड़दहा विधानसभा में विजय सुनिश्चित करेंगे।

# शास्त्री नगर कॉलोनी माहेश्वरी महिला संगठन के चुनाव निर्विरोध हुए सम्पन्न

## रेखा धूत अध्यक्ष, विनीता तापड़िया सचिव, विजयलक्ष्मी समदानी कोषाध्यक्ष, राज माहेश्वरी संगठन मंत्री निर्विरोध निर्वाचित



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** नगर माहेश्वरी महिला संस्थान के तत्वावधान में अध्यक्षा डॉ. सुमन सोनी के निर्देशन में नये सत्र के लिए शास्त्री नगर कॉलोनी माहेश्वरी महिला संगठन के चुनाव निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया नगर पर्यवेक्षक अंजू सोमानी एवं नीलम माहेश्वरी के सानिध्य में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। मण्डल की निवर्तमान अध्यक्षा मधु समदानी ने बताया कि अध्यक्षा पद पर रेखा धूत एवं सचिव पद पर विनीता तापड़िया का निर्विरोध चयन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्षा रेखा धूत ने बताया कि नवगठित कार्यसमिति में कोषाध्यक्ष पद पर विजयलक्ष्मी समदानी एवं संगठन मंत्री पद पर राज माहेश्वरी का भी निर्विरोध चयन हुआ। चुनाव प्रक्रिया में मण्डल की सभी सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा। अंत में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सभी उपस्थित सदस्याओं ने माला पहनाकर व मुँह मीठा कराकर उनका स्वागत किया गया। साथ ही सभी सदस्याओं ने संगठन को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

# हिंदुस्तान जिंक ने 37वें सड़क सुरक्षा माह में हजारों कर्मचारियों और ग्रामीणों को किया जागरूक

## माइंस, स्मेल्टर और गांवों में व्यापक जागरूकता अभियान में कर्मचारी, वाहनचालक और स्कूली बच्चे हुए शामिल

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** वेदांता ग्रुप एवं विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक और सिल्वर उत्पादकों में से एक, हिंदुस्तान जिंक ने अपने सभी बिजनेस लोकेशन पर जागरूकता पहलों की एक व्यापक श्रृंखला के साथ 37वां सड़क सुरक्षा महीना और राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया। महीने भर चलने वाले इस कार्यक्रम में कंपनी की सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दिखी, जिसमें हजारों कर्मचारी, बिजनेस पार्टनर, स्कूली बच्चे, ड्राइवर और संचालन क्षेत्र आस-पास के समुदाय एक साथ मिलकर जिम्मेदार सड़क व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए एकजुट हुए। विभिन्न यूनिट्स में, अभियान की शुरुआत वरिष्ठ नेतृत्व और जिला अधिकारियों द्वारा उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिसने सुरक्षा-संचालित महीने के लिए माहौल तैयार किया। साथ ही, विभिन्न स्थानों पर जिला अधिकारियों की उपस्थिति में बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई गई, जिसमें रक्षात्मक और अनुशासित ड्राइविंग के महत्व पर जोर दिया गया। इस रैली में कर्मचारियों, बिजनेस पार्टनर और स्थानीय अधिकारियों ने भाग लिया, जो सुरक्षित सड़कों के लिए साझा जिम्मेदारी पर एक मजबूत संदेश था। हिंदुस्तान जिंक के ऑपरेशनल क्षेत्र में, कई टीमों ने सभी स्तरों पर लोगों को शामिल करने के लिए डिजाइन की गई संरचित गतिविधियाँ शुरू कीं। आगुचा माइन द्वारा रोकों-टोकों तिविधियों, 500 से अधिक श्रमिकों के लिए ब्लाइंड-स्पॉट प्रशिक्षण, और अनुपालन को मजबूत करने के लिए बिजनेस पार्टनर के साथ नेतृत्व जुड़ाव के माध्यम से



व्यवहारिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया। राजपुरा दरीबा माइन ने वॉकथॉन, रैलियाँ, ड्राइवर व्यवहार अभियान, हैंडबुक वितरण और हेलमेट वितरण अभियान आयोजित किए, दरीबा स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स ने अग्नि सुरक्षा और सीपीआर प्रदर्शन के साथ स्कूली बच्चों को प्रशिक्षित किया और आस-पास के गाँवों में सड़क सुरक्षा जागरूकता और हेलमेट वितरण का विस्तार किया। कंपनी की जावर माइंस में प्रतिज्ञा, सुरक्षा मार्च, बरोई साइट पर जागरूकता अभियान, और सर्वश्रेष्ठ ड्राइवरों और ऑपरेटरों को मान्यता देकर सड़क सुरक्षा को मजबूत किया। देबारी ज़िंक स्मेल्टर द्वारा पैम्फलेट बांटकर, बाइक रैलियों, रोको-टोको गतिविधियों, वीडीएसएस मॉडल वाहनों के प्रदर्शन और लोगों को शामिल कर जागरूक किया। चंदेरिया में, हिंदुस्तान जिंक स्कूल के छात्रों और शिक्षकों के लिए सड़क सुरक्षा और रक्षात्मक ड्राइविंग प्रशिक्षण को इंटरैक्टिव क्विज और मान्यता द्वारा समर्थित किया गया। कायड़ माइन ने छात्रों को ट्रेनिंग दी, आग सुरक्षा प्रदर्शन, प्रतियोगिताएं, सड़क सुरक्षा ऑडिट, नुक्कड़ नाटक आयोजित किए, और सड़क सुरक्षा मैनुअल बांटे, जिससे समुदाय और कर्मचारियों की भागीदारी मजबूत हुई। पंतनगर ने बड़े पैमाने पर सार्वजनिक पहल की, जिसमें पुलिस और आरटीओ के साथ एक बड़ी भागीदारी के साथ बाइक रैली, आंखों और पीयूसी कैंप, स्लोगन प्रतियोगिताएं, रोको-टोको कार्यक्रम, रिफ्लेक्टर वितरण, और कम रोशनी की स्थिति में सुरक्षा में सुधार के लिए ब्लाइंड स्पॉट पर रिफ्लेक्टर लगाना शामिल था। माइन, स्मेल्टर, समुदायों, स्कूलों और सार्वजनिक संस्थानों में इन सामूहिक प्रयासों के माध्यम से, हिंदुस्तान जिंक ने जीरो-हार्म कल्चर को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। 37वें सड़क सुरक्षा महीने के आयोजन ने न केवल आंतरिक सुरक्षा प्रथाओं को मजबूत किया, बल्कि सार्वजनिक जागरूकता भी बढ़ाई, कंपनी ने संदेश दिया कि सड़क सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है और सामुदायिक भलाई का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। हिंदुस्तान जिंक अपनी सभी इकाइयों में व्यवहार-आधारित सुरक्षा, जिम्मेदार गतिशीलता और सामुदायिक साझेदारी को आगे बढ़ा रहा है, यह सुनिश्चित करते हुए कि सुरक्षा जागरूकता संगठन से जुड़े हर व्यक्ति तक पहुंचें।

# निशुल्क साईकिल वितरण समारोह का हुआ आयोजन



स्मार्ट हलचल

**रायपुर।** 31 जनवरी महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रायपुर में निशुल्क साईकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक लादू लाल पितलिया के कर कमलों से कक्षा 9 की छात्राओं को निशुल्क साईकिल वितरित की गई। विधायक पितलिया ने इस अवसर पर नव निर्मित मंच पर डोम लगवाने की घोषणा की ।

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि डॉ, मीरा किराड़ मंडल अध्यक्ष भाजपा पंचायत प्रशासक रामेश्वर लाल छीपा , लेहरू लाल कुमावत, गौरव कोठारी, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र टाक, गीता त्रिवेदी, भेरू सिंह शिशोदिया, बसंती लाल गुर्जर, शिव लाल सुथार,राधेश्याम काबरा, जय प्रकाश ओझा, संस्था प्रधान नवीन कुमार बाबेल, हरदेव लाल गुर्जर, कैलाश रावल, रवि टेलर, पवन कुमार काबरा, रतन जाट, सीमा मंडोवरा आदि उपस्थित थे।

## जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2026 का भव्य शुभारंभ

# पंखों की उड़ान और आर्द्रभूमियों की पुकार के साथ संरक्षण का उत्सव शुरू

स्मार्ट हलचल| जयपुर

धरती की आर्द्रभूमियों को बचाने और आसमान में परिंदों की चहचहाहट को फिर से सजीव करने के संकल्प के साथ जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2026 का भव्य शुभारंभ शनिवार को कानोता कैंप रिजॉर्ट, जामडोली (जयपुर) में हुआ। 'Join the Celebration of Wings & Wetlands' थीम पर आधारित इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय आयोजन ने पहले ही दिन प्रकृति प्रेम, संरक्षण चेतना और रचनात्मक अभिव्यक्ति के रंग बिखेर दिए।

ग्रीन पीपल सोसायटी (जयपुर चैप्टर) द्वारा राजस्थान सरकार के वन विभाग एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सहयोग से आयोजित इस फेस्टिवल का उद्घाटन संरक्षण विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, विद्यार्थियों और प्रकृति प्रेमियों की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। ग्रीन पीपल सोसायटी के उपाध्यक्ष एवं जयपुर बर्ड फेस्टिवल के संयोजक विक्रम सिंह (सेवानिवृत्त आईएएस) ने बताया कि यह आयोजन पिछले 12 वर्षों से राष्ट्रीय पहचान बना चुके उदयपुर बर्ड फेस्टिवल से प्रेरित है और जयपुर में यह पहल प्रकृति संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

### शिक्षा, संवेदना और रचनात्मकता से सजा पहला दिन

फेस्टिवल के पहले दिन आयोजित मुख्य सत्र में विद्यार्थियों के लिए नेचर क्विज, पेंटिंग प्रतियोगिता, बर्ड फोटोग्राफी, बटरफ्लाई एवं पेंटिंग प्रदर्शनी, फिलैटली (डाक टिकट) प्रदर्शनी, रैप्टर्स प्रदर्शनी तथा अत्याधुनिक वीआर एक्सपीरियंस आकर्षण का केंद्र रहे। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों और युवाओं में पक्षियों व आर्द्रभूमियों के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।



### बच्चों ने देखें 25 से अधिक प्रजातियों के पक्षी

फेस्टिवल के तहत आयोजित बर्ड वाचिंग सत्र में बर्ड एक्सपर्ट डॉ. सतीश शर्मा, विक्रम सिंह, राहुल भटनागर, वीरेंद्र सिंह बेड़सा, मनोज कुलश्रेष्ठ, डॉ. कमलेश शर्मा, निर्मल मेनारिया सहित अन्य विशेषज्ञों ने बच्चों को शॉवलर, स्पॉट-बिल डक, ग्रे हेरॉन, इग्रेट, कॉरमोरेंट, ग्रेब, कूट्स, पेराकिट्स, मैना सहित 25 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों से रूबरू कराया और उनके आवास, भोजन, प्रवास व प्रजनन से जुड़ी रोचक जानकारियां दीं।

### बटरफ्लाई की लाइव लाइफ साइकल ने किया आकर्षित

डूंगरपुर के बटरफ्लाई एक्सपर्ट मुकेश पंवार ने राजस्थान की प्रमुख तितलियों पर जानकारी देते हुए पांच तितलियों की लाइव लाइफ साइकल प्रदर्शित की, जिसने बच्चों में विशेष उत्सुकता जगाई। वहीं उदयपुर की फिलैटली एक्सपर्ट द्वारा भारत सहित विभिन्न देशों के 2 हजार से अधिक पक्षी-आधारित डाक टिकटों की प्रदर्शनी लगाकर संरक्षण संदेश दिया गया। इस मौके पर क्विज व पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।



### फोटो, पेंटिंग, लाइव आर्ट और किरिगामी ने मोहा मन

राजस्थान में पाए जाने वाले प्रमुख पक्षियों पर आधारित फोटो व पेंटिंग्स की प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों और आगंतुकों का मन मोहा। लाइव पेंटिंग में संतकुमार, शिवानी, महक भूरिया, आयुषी शर्मा ने अपनी कला प्रस्तुत की, वहीं विवेक तोमर और अनुज तोमर ने ओरिगामी व किरिगामी आर्ट के माध्यम से बिना कैंची और गोंद के कागज से आकर्षक पक्षी आकृतियां बनाकर बच्चों को रचनात्मकता से जोड़ा।

### बच्चों के गालों और ललाट पर उकेरे गए पक्षी

फेस्टिवल स्थल पर आमंत्रित टेटू कलाकारों ने बच्चों के गालों और ललाट पर रंग-बिरंगे पक्षियों के टेटू बनाकर उन्हें प्रकृति के और निकट लाने का प्रयास किया।

### वर्कशॉप और राज्य स्तरीय विमर्श

पहले दिन ही लगभग 30 रिसोर्स पर्सन्स के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला तथा 15 उभरते लेखकों के लिए लेखन कार्यशाला आयोजित की गई। साथ ही राज्य स्तरीय सम्मेलन में वन, पर्यावरण, पर्यटन विभाग, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया, एनजीओ, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों ने संरक्षण से जुड़े विषयों पर गहन विमर्श किया।

### रविवार को आर्द्रभूमियों से होगा सीधा संवाद

फेस्टिवल के दूसरे दिन रविवार को प्रतिभागी सांभर साल्ट लेक, बरखेड़ा-चंदलाई-मुहाना क्षेत्र, केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (भरतपुर), तालछापर अभयारण्य (चूरू) तथा रणथम्भौर या सरिस्का टाइगर रिजर्व का फील्ड विजिट कर प्रकृति से सीधा संवाद स्थापित करेंगे।

### देश-प्रदेश के दिग्गज विशेषज्ञों की सहभागिता

फेस्टिवल में हॉफ पीके उपाध्याय, वरिष्ठ पक्षीविद् डॉ.असद रहमानी, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सीईओ रवि सिंह, रिटायर्ड सीएस एस अहमद, रिटायर्ड आईएएस गिरिराज कुशवाहा उमेश कुमार व मालविका पंवार, उपेंद्र कुमार, रिटायर्ड आईपीएस बहादुर सिंह, वाइल्डलाइफ बोर्ड सदस्य राजपाल सिंह, प्रकृति प्रेमी दिनेश दुरानी, पद्मश्री फोटोग्राफर अनूप शाह, बॉलीवुड एक्टर राहुल सिंह, आउल एक्सपर्ट डॉ. प्राची मेहता, रैप्टर एक्सपर्ट रातुल साहा, अजय गुप्ता, उत्तरप्रदेश के पर्यावरण विशेषज्ञ दिनेश श्रीवास्तव सहित अनेक नामी पक्षी विशेषज्ञ और पर्यावरणप्रेमी भाग ले रहे हैं।

### फ्रांसीसी पर्यटक भी पहुंचेः

जयपुर में बर्ड फेस्टिवल की जानकारी प्राप्त होने पर फ्रांसीसी पर्यटक बुदवा डू पोंट अपनी पत्नी ओडिल के साथ पहुंचे और इस फेस्टिवल के प्रति बच्चों का उत्साह देखकर प्रसन्नता जताई। उनका कहना था कि पक्षियों और आर्द्रभूमियों का संरक्षण केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का संरक्षण है।

---

# उनियारा उपखंड क्षेत्र में विश्वकर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन



स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट उनियारा।** शहर में देवताओं के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती महोत्सव का आयोजन सोमवार को किया गया। प्रातः कालीन बेला में पंडित गोविन्द गौतम ने भगवान को पंचामृत से स्नान करा कर नई पोशाक धारण कराई गई। पंडित जी द्वारा मंत्रोचार के साथ ध्वज का पूजन कर मंदिर शिखर पर ध्वज पताका पहराई गई। तत्पश्चात आचार्य कृष्ण बिहारी दाधिच ने भगवान की मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना संपन्न करवाई। पंचों ने भगवान के ज्योत जलाकर मंत्रों के साथ पुजा की गई। साथ ही भगवान की संगीतमय कथा का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य द्वारा भगवान विश्वकर्मा के जीवन का बखान किया गया। देवताओं के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा द्वारा देवपुरी, लंकापुरी, द्वारकापुरी, अंतापुरी सहित देवताओं और मानव के जीवन को सुविधा पूर्वक बनाने के लिए अनेक यंत्रों व औजारों का निर्माण किया। महोत्सव मे बाहर से आए अतिथियों का मंदिर समिति द्वारा स्वागत सम्मान किया । दोपहर बाद हवन का आयोजन किया गया जिसमे दिमान्शु जांगिड,रवि जांगिड,मोनू जांगिड,दिनेश जांगिड ने सपत्नी आचार्य बन्दी गौतम के मंत्रोचार के साथ हवन कुंड में आहुति दी। सायंकाल पंचों ने भगवान को दाल, बाटी, चूरमा का भोग लगाकर भक्तों को पंगत प्रसादी जीमाई गई ।भगवान की 51 दीपक से महा आरती उतारी गई। इस अवसर पर भगवान की मनमोहक झांकी सजाई गई मंदिर को लाइट व फूलों से सजाया गया।

विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर दिनभर भगवान के दर्शन के लिए भक्तों का ताता लगा रहा । मंदिर समिति के अध्यक्ष रमेश जांगिड़, उनियारा तहसील अध्यक्ष राधेश्याम जांगिड, जिला कार्यकारी अध्यक्ष नेहनू लाल जांगिड़ पूर्व तहसील अध्यक्ष नारायण जांगिड़, पूर्व बरवाड़ा तहसील अध्यक्ष एवं धर्मशाला अध्यक्ष उमाशंकर जांगिड़ शिवाड़, नाथू लाल जांगिड़ बालीथल, किशन मुरारी जांगिड़ डिकोलिया, शंभू दयाल जांगिड़ खेडली,बनवारी जांगिड़ सुथडा, मंदिर कोषाध्यक्ष कैलाश जांगिड़, किशन जांगिड़, पवन जांगिड़, सत्यनारायण जांगिड़, रामावतार जांगिड़, दिनेश जांगिड़ गाडौली, कमलेश जांगिड़, मोनू जांगिड़, रवि जांगिड़, पीयूष जागिड, जतिन जांगिड़, उमेश जांगिड, सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे।

---

# महर्षि दधीचि छात्रावास के तत्वावधान में 19 फरवरी को सामूहिक विवाह सम्मेलन

### अब तक 5 जोड़ों का पंजीकरण, शास्त्रोक्त विधि से होंगे सभी मांगलिक कार्य



स्मार्ट हलचल|कोटा

महर्षि दधीचि छात्रावास समिति, कोटा संभाग के तत्वावधान में आगामी 19 फरवरी (गुरुवार) को नाग-नागिन मंदिर के समीप स्थित दाधीच छात्रावास परिसर में दाधीच (ब्राह्मण) समाज का संभाग स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष रविन्द्र जोशी ने बताया कि सम्मेलन के लिए अब तक पाँच जोड़ों का पंजीकरण हो चुका है तथा पंजीकरण प्रक्रिया जारी है। समिति के मंत्री निमेष पुरोहित ने बताया कि विवाह सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले जोड़ों को समिति की ओर से आवश्यक गृहस्थी का सामान उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं कोषाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि प्रति वर पक्ष एवं वधू पक्ष से निर्धारित पंजीकरण कराना अनिवार्य है,05 फरवरी तक पंजीकरण किया जाएगा।सलाहकार नागेश दाधीच ने बताया कि विवाह सम्मेलन को गति देने के लिए शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न समितियों का गठन किया गया।

सलाहकार नरेन्द्र मोहन दाधीच ने बताया कि यह सम्मेलन संभाग स्तर पर आयोजित किया जा रहा है, कार्यक्रम में समाज के 75 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठजन (पुरुष/महिला) का विशेष सम्मान भी किया जाएगा।

आचार्य कौशल किशोर दाधीच ने बताया कि विवाह सम्मेलन के सभी मांगलिक संस्कार शास्त्रानुसार विधि-विधान से संपन्न कराए जाएंगे। आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया है।

महिला प्रकोष्ठ में स्मिता शर्मा, आंबिका शर्मा एवं रेखा दाधीच को सामग्री क्रय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति व समाज के सहयोग से गृहस्थी के संचालन की आवश्यक वस्तुए नवजोडो को सौपी जाएगी। वहीं युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कमल दाधीच एवं मंत्री मुकेश दाधीच ने बताया कि विवाह जोड़ों एवं उनके परिजनों के लिए छात्रावास परिसर में आवास की समुचित व्यव-स्था की गई है। बैठक में नागेश दाधीच,रामेश्वर दयाल दाधीच, परमेश्वर दयाल दाधीच, दुष्यंत दाधीच (पूर्व तहसीलदार), दिवाकर दाधीच, प्रेम बिहारी दाधीच सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र मोहन दाधीच ने किया।

---

# विधायक आक्या की अनुशंषा पर सडक व प्रार्थना हॉल निर्माण कार्य हेतु 21 करोड़ से अधिक राशी की स्वीकृतियां जारी

### विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की सुधरेगी हालात, आवागमन होगा सुगमः आक्या

स्मार्ट हलचल| ओम जैन

**चित्तौड़गढ़।** विधायक चंद्रभान सिंह आक्या की अनुशंषा पर डीएमएफटी मद से विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सड़क निर्माण कार्यो हेतु 20 करोड़ एवं विभिन्न विद्यालयो में प्रार्थना हॉल/डॉम निर्माण हेतु 1 करोड़ 40 लाख की स्वीकृतियां जारी की गई है।

विधायक आक्या की अनुशंषा पर डीएमएफटी मद से जारी स्वीकृती के तहत सम्पर्क सड़क गुणेर से मोतीपुरा तक 1.250 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 75 लाख, रावत का तालाब से पालछा हनुमानजी की ओर तीन किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 1 करोड़ 70 लाख, केलझर-फुसरिया मैन रोड से मेवासा होते हुए सूरत सिंह जी का खेडा तक डेढ़ किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 90 लाख, डूंगाजी का खेडा से भीलों का दाता दो किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 1 करोड़ 20 लाख, गोपालपुरा



से रतना घाटी तक 2.500 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 1 करोड़ 30 लाख, भदेसर स्वामी विवेकानन्द मोडल स्कूल के सामने से हॉस्पीटल तक एक किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 60 लाख, केसरपुरा से सांकलखेडा चैराहे तक दो किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 1 करोड़ 20 लाख, घोसुण्डा मेन रोड़ से कुमावत मोहल्ला पथवारी तक 1.250 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 75 लाख, बस्सी-बिजयपुर मुख्य सडक से बोबलाकला-खुर्द तक तीन किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 1 करोड़ 70 लाख, रास्यामंगरी से मध्यप्रदेश सीमा तक एक किलोमीटर सड़क पर डामरीकरण हेतु 60 लाख रूपये स्वीकृत किए गए है।

इसी क्रम में मानपुरा मोक्षधाम से चामुण्डा मंदिर हडमाला तक एक किलोमीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य हेतु 65 लाख, रोजडा में 0.400 सीसी किलोमीटर क्षेत्र में सडक निर्माण हेतु 57 लाख, घोसुण्डा डेम से सतपुडा ग्राम तक 0.350 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 35 लाख, सेमलपुरा मोड का बालाजी मंदिर से गौरवपथ तक 0.700 किलोमीटर सड़क पर डामरीकरण हेतु 45 लाख, शिवसिंह जी का खेडा से सिरोडी तक एक किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 60 लाख, कन्नोजिया स्कूल से भीलगट्टी तक तीन किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 1 करोड़ 80 लाख, ब्यावर से चांपाखेडी तक 1.800 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 1 करोड़ 20 लाख, भदेसर मेन रोड से अदमादीया बावजी तक एक किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 60 लाख, हांसला से सांकलखेडा गढवाडा तिराहे तक 2 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 1 करोड़ 20 लाख, पुरोहितों का सांवता मैन रोड से मांदलदा ग्रीड तक तीन किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 1 करोड़ 70 लाख की स्वीकृति सहीत कुल 20 कार्यो पर 19 करोड़ 82 लाख की स्वीकृति जारी की गई है।

डीएमएफटी मद से जारी स्वीकृति के तहत ग्राम घटियावली, मानपुरा, भोईखेडा, नेतावल गढपाछली, घटियावली, धनेतकला व आक्या के राजकीय उच्च माध्यमिक, बालिका उच्च माध्यमिक व महात्मा गांधी विद्यालयो में कुल 7 प्रार्थना हॉल/डॉम निर्माण कार्यो पर 1 करोड़ 40 लाख की राशी स्वीकृत जारी की गई है।

---

# छत्रपति शिवाजी नगर में विराट हिन्दू सम्मेलन के तहत शोभायात्रा आयोजन

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर।** संयोजक हरीश लोहार ने बताया खेमपुरा बस्ती में 1 फरवरी को 'विराट हिंदू सम्मेलन' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। गोपाल सोलंकी संयोजक वाहन रेली ने बताया कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर वाहन रेली का आयोजन हुआ सम्मेलन को लेकर समाजजनों में भारी उत्साह है। आयोजन समिति के अनुसार, कार्यक्रम 1 फरवरी 2026 (रविवार) को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा दोपहर 2:00 बजे से शुरू होगी, जिसमें विभिन्न झांकियां और भजन मंडलियां शामिल होंगी। आयोजन समिति ने समस्त समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।छत्रपति शिवाजी नगर में विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक संरक्षण एवं संगठित हिंदू समाज के निर्माण के उद्देश्य से छत्रपति शिवाजी नगर में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में सर्व समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सम्मेलन को भव्य, गरिमामय एवं जन आंदोलन का स्वरूप देने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में महिलाओं ने सम्मेलन की सफलता हेतु पूर्ण समर्पण के साथ सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा तथा प्रत्येक मोहल्ले में महिला समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां तय की गई हैं। सम्मेलन को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए मोहल्ला-वार निमंत्रण के साथ प्रतिदिन प्रभात फैरी के माध्यम से निमंत्रण इसके साथ-साथ युवाओं की वाहन रैली, महिलाओं तथा बच्चों द्वारा सांस्कृतिक शोभायात्रा का भी आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन के दिन छतपति शिवाजी नगर क्षेत्र की विभिन्न बस्तियों से निकलने वाली भव्य यात्राएं चारभुजा चौक पहुंचेंगी बैठक में सर्व हिंदू समाज की महिला जनप्रतिनिधि, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने के आव्हान के साथ बैठक संपन्न हुई।

---

# व्यापारी की आंखों में मिर्च डालकर हुई लूट का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** कोतवाली थाना पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व व्यापारी के साथ आंखों में मिर्च डालकर हुई नकदी लूट की वारदात का खुलासा करते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है।

जानकारी के अनुसार गत 24 जनवरी को रात्रि करीब 8 बजे अज्ञात बदमाश ओमप्रकाश पिता बंशीलाल बजाज निवासी उपरलापाड़ा चित्तौड़गढ़ की आंखों में मिर्च डालकर करीब 2 लाख रुपयों से भरा बेग लूटकर फरार हो गए थे। इस संबंध में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर एसपी मनीष त्रिपाठी के निर्देश पर एएसपी सरिता सिंह व डिप्टी ब्रजेश सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी तुलसीराम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिरों की सूचना पर अनुसंधान करते हुए वारदात में लिप्त सुनील कुमावत (29) पिता मोहन लाल निवासी हिन्दू छीपा मोहल्ला चित्तौड़गढ़, दीपक सिंह (29) राजेन्द्र सिंह चौहान निवासी मस्जिद के पास पंचवटी थाना सदर चित्तौड़गढ़ और पुष्कर (23) पिता खेमजी भील निवासी भैरूसिंह जी का खेड़ा थाना कोतवाली चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार बदमाशों से वारदात में लूटी गई राशि के संबंध में विस्तृत अनुसंधान किया जा रहा है।

उक्त कार्यवाही में थानाधिकारी तुलसीराम के नेतृत्व में उप निरीक्षक श्याम लाल, सहायक उपनिरीक्षक नवरंग लाल, कांस्टेबल सुनील कुमार, राजेश कुमार, हरिराम और राजकुमार शामिल रहे।

---

# अपनी बेटियों को आभूषणों के साथ लोहे की तलवार भी दो- वर्षा नागर



स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** अपनी बेटियों को सोने चांदी के आभूषणों के साथ लोहे की तलवार भी देना ताकि वो समय आने पर आत्मरक्षा कर सके। यह बात श्री महावीर बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन में महामंडलेश्वर साध्वी वर्षा नागर ने कही। साध्वी ने कहा कि आज यह हिंदू सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे हैं जो सोए हुए हिंदुओं को जगाने का कार्य कर रहे हैं। नागर ने कहा कि जब इंग्लैंड के एक भी स्कूल नहीं था तब भारत में 7 हजार से अधिक गुरुकुल हुआ करते थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र के गौरव का सम्मान बढ़ा रहा है। वहीं कार्यक्रम के मुख्यवक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह शंकर सिंह ने कहा कि परमार्थ को छोड़कर स्वार्थ जब हावी हो जाता है तब समाज में संत जन्म लेते हैं जो राष्ट्र निर्माण के साथ हमारी संस्कृति को नई सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को गुलामी की आदत हो गई है और इसीलिए डॉक्टर केशव राव बलीराव हेडगेवार ने हिंदुओं को संगठित करने के लिए संघ का कार्य आरम्भ किया जो आज भी जारी है। वहीं कार्यक्रम को राष्ट्र सेविका समिति की बारां विभाग कार्यवाहिका श्रीमती मिथिलेश ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें पूर्ण रूप से वैदिक मंत्रों के साथ गृहस्थ जीवन में प्रवेश करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में आदिकाल से महिलाओं का सम्मान है लेकिन आज के हालात देखें तो आप स्वयं समझदार हैं। इस आयोजन में वरिष्ठ चिकित्सक व समाजसेवी डॉक्टर जेके अरोड़ा व डॉक्टर मोतीलाल आहूजा मंचासीन थे। इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष श्याम चौधरी, संयोजक दिलीप परमार व दिलीप सोनी, संरक्षक नरेश माधवानी,डॉक्टर राकेश शर्मा,डॉक्टर भूपेश दयाल,नवीन जायसवाल, ओम प्रकाश गुप्ता व रघुवीर सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता व दिलीप शर्मा आदि के साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक व्यास ने किया।

---

# भीलवाड़ा में पुलिस का बड़ा एक्शनः शांति भंग में 16 गिरफ्तार, विभिन्न मामलों में 15 आरोपी दबोचे

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की। शांति भंग करने के आरोप में 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, वहीं विभिन्न प्रकरणों में 15 अन्य आरोपियों को दबोचा गया। सभी आरोपियों को संबंधित धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार 16 आरोपी

थाना सुभाषनगरः मेहरबान पिता गोरे बंजारा, उम्र 29 वर्ष, निवासी डुंगरी, थाना शाहपुरा – धारा 126/170 बीएनएसएस। थाना बागौरः धर्मवीर पुत्र रतनसिंह जाट, उम्र 40 वर्ष, निवासी आबा का खेड़ा – धारा 126/170 बीएनएसएस। थाना शाहपुराः राजेश्वर पिता हीरालाल



जाट, उम्र 49 वर्ष, निवासी इन्द्र कॉलोनी, गुलाबपुरा – धारा 126/170 बीएनएसएस। थाना जहाजपुरः बजरंग कुमार पिता धन्नीलाल भील, उम्र 27 वर्ष, निवासी तरसावास – धारा 126/170 बीएनएसएस।

थाना पाड़ेरः

(1) सुनील पिता प्रभु मीणा, उम्र 18 वर्ष, निवासी कंजेर कॉलोनी, (2) अजयकुमार पिता प्रभु मीणा, उम्र 24 वर्ष, निवासी कंजेर कॉलोनी, (3) राजमोहन पिता अमरचंद कंजेर, उम्र 35 वर्ष, निवासी कंजेर कॉलोनी, (4) अलेख उर्फ शम्भर पिता जगजीवन, उम्र 36 वर्ष, निवासी कंजर कॉलोनी – सभी धारा 126/170 बीएनएसएस। थाना मांडलगढ़ः महावीरसिंह पिता भरतसिंह राजपूत, उम्र 25 वर्ष, निवासी गंगोली – धारा 126/170 बीएनएसएस।

थाना शाहपुराः

(1) मुन्ना उर्फ मोहम्मद आरिफ पिता मोहम्मद सत्तार, उम्र 33 वर्ष, निवासी त्रिपुरी चौराहा, (2) गोविंद पिता ठाकर खाती, उम्र 23 वर्ष, निवासी अरणी चौराहा – धारा 126/170 बीएनएसएस।

थाना बनेड़ाः

(1) रतनलाल पिता हुकमसिंह कालबेलिया, उम्र 39 वर्ष, निवासी कालबेलिया का डेरा, (2) बिल्लीबाई पत्नी आशिक, उम्र 32 वर्ष, निवासी सुरपुर, (3) संजय कुमार खटीक पिता छगनलाल खटीक, उम्र 36 वर्ष, निवासी फुलियास, (4) सुरेश गुर्जर पिता नारायणलाल गुर्जर, उम्र 40 वर्ष, निवासी भेड़नी – सभी धारा 126/170 बीएनएसएस। थाना रायपुरः कैलाश चंद्र पिता शंकरलाल भील, उम्र 27 वर्ष, निवासी दुलेपुर – धारा 126/170 बीएनएसएस।

### विभिन्न प्रकरणों में गिरफ्तार 15 आरोपी

थाना सुभाषनगरः

(1) बबलू उर्फ असलम खान पुत्र अयूब खान, उम्र 22 वर्ष, निवासी तेजाजी चौक, (2) मोनीन अख्तर पिता मोहम्मद आरिफ, उम्र 28 वर्ष, निवासी रेलवे स्टेशन के पास, (3) अरशद खान उर्फ इरफान खान, उम्र 32 वर्ष, निवासी मानिक्यनगर, (4) मोहम्मद अन्सार पिता मुस्ताक अली, उम्र 24 वर्ष, निवासी काशीपुरी का रास्ता बड़े मंदिर के पीछे, (5) वसीम खान पिता मो. शरीफ, उम्र 37 वर्ष, निवासी जोधपुर, (6) आरिफ उर्फ सट्टा अली पिता अब्दुल कयूम, उम्र 34 वर्ष, निवासी तुलसीराम सांगानेर गेट – सभी धारा 112(2) बीएनएसएस।

थाना भीमगंजः

(1) गोविंद उर्फ सोनू पुत्र पुरुषोत्तम तेजवानी, उम्र 42 वर्ष, (2) चंदन उर्फ बिंदु पुत्र जगदीश कालवानी, उम्र 25 वर्ष, (3) करण उर्फ मुल्लू पुत्र नरेश कालवानी, उम्र 27 वर्ष, (4) मूलचंद उर्फ मीनू पुत्र गोविंदराम, उम्र 40 वर्ष, (5) आसिफ अंसारी पुत्र मोहम्मद अंसारी, उम्र 44 वर्ष, (6) शमशेर उर्फ कन्हैया पुत्र नारायण, उम्र 31 वर्ष – सभी को धारा 3/4 मकोका एक्ट, 318(4), 112(2), 61(2) बीएनएसएस व 66(सी)(डी) आईटी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

थाना पुरः विक्रम सिंह पिता कर्ण सिंह शक्तावत, निवासी किशन जी का खेड़ा – धारा 19/54 आर्म्स एक्ट।

थाना गुलाबपुराः मनीष पिता रामसिंह जाट, उम्र 22 वर्ष, निवासी आदर्श नगर – धारा 80(2), 85 बीएनएसएस।

थाना मांडलगढ़ः विनोद उर्फ टेरोरा पिता दौलतलाल बलाई, उम्र 26 वर्ष, निवासी सांगड, थाना बिजौलिया – धारा 64(2)(ई), 308(2) बीएनएसएस।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

## रेलवे आवासीय कॉलोनी, चिल्ड्रन पार्क एवं अभिरुचि/करियर परामर्श केंद्र का किया उद्घाटन

स्मार्ट हलचल



**मेड़ता रोड।** उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अमिताभ शनिवार को बाड़मेर दौरे पर पहुंचे। बाड़मेर रेलवे स्टेशन पर उनके आगमन पर जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक श्री अनुराग त्रिपाठी एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा स्वागत किया गया।

महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित बाड़मेर रेलवे स्टेशन का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, टिकट बुकिंग कार्यालय, स्टेशन परिसर में स्थापित स्टॉल, स्टेशन मास्टर कक्ष, रेलवे रूम सहित अन्य यात्री सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने नवनिर्मित अधोसंरचनाओं का अवलोकन किया तथा वरिष्ठ अनुभाग अभियंता कार्यालय, गैंग टूल रूम एवं इंजीनियरिंग विभाग का निरीक्षण करते हुए रेल कर्मचारियों से संवाद किया।

### प्रथम जोनल स्तरीय संरक्षा संवाद

इसके उपरांत महाप्रबंधक की अध्यक्षता में जोनल स्तरीय सेफ्टी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 रेल कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ट्रैक मेंटेनर, ट्रेन मैनेजर, सिग्नल एवं टेलीकॉम, यांत्रिक, इंजीनियरिंग, परिचालन, संरक्षा एवं सुरक्षा विभागों के कर्मचारियों ने सेफ्टी से संबंधित अपनी समस्याओं एवं सुझावों को साझा किया। महाप्रबंधक ने सभी मुद्दों पर सकारात्मक विचार कर आवश्यक सुधार का आश्वासन दिया। महाप्रबंधक ने कहा कि सेफ्टी रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी रेल कर्मियों को सतर्क रहते हुए 'सेफ्टी फर्स्ट' के सिद्धांत को अपनाना चाहिए। सेफ्टी शूज एवं रिचार्जेबल ट्राई-कलर टॉर्च उपलब्ध कराने की जानकारी भी दी।

### रेलवे आवासीय परिसर कॉलोनी का उद्घाटन

दौरे के दौरान महाप्रबंधक ने बाड़मेर स्थित पुनर्विकसित रेलवे आवासीय कॉलोनी का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा कॉलोनी का निरीक्षण किया। इसके पश्चात रेलवे आवासीय परिसर में स्थित अभिरुचि केंद्र/करियर परामर्श एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण में भाग लेने वाली रेलवे कॉलोनी की महिलाओं को सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक ने चिल्ड्रन पार्क का भी उद्घाटन किया तथा बच्चों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत

उत्कृष्ट कार्य के लिए वरिष्ठ अनुभाग अभियंता कार्यालय को 25 हजार तथा रेलवे आवासीय कॉलोनी को बेहतर बनाने हेतु विभिन्न विभागों को सम्मिलित रूप से 50 हजार का पुरस्कार प्रदान किया गया। ओर कार्य की प्रशंसा की। इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक ने उत्तर पश्चिम रेलवे स्वास्थ्य केंद्र, बाड़मेर का वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया तथा रेल कर्मियों को समय पर दवाइयां एवं बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण दौरे के दौरान जोधपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी, सीपीएम सुनील कुमार, उप मुख्य इंजीनियर गति शक्ति प्रवेंद्र, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक लोकेश कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हितेश यादव, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तरुण बिका, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर यांत्रिक अमित स्वामी सहित विभिन्न अधिकारी एवं बड़ी संख्या में सुपरवाइजर कर्मचारी मौजूद रहे।

# कानपुर में मिली वैशाली बिहार के साबिर की रक्त रंजित लाश, हत्या की आशंका, जांच शुरू

## बिहार से आकर टेनरी में मजदूरी कर परिवार का पेट पाल रहा था साबिर

स्मार्ट हलचल



**कानपुर।** यहां आज शनिवार की सुबह जाजमऊ गंगापुल पर मिली टेनरीकर्मी की रक्तरंजित लाश ने हड़कंप मचा दिया। उसकी हत्या किए जाने की भी प्रबल आशंका व्यक्त की गई है, जिस पर सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, शाबिर का शव गंगापुल के पैदल ट्रैक पर मिला। उनके सिर में गहरे घाव के निशान थे। घटनास्थल से लगभग 4 मीटर दूर रेलिंग और डिवाइडर पर खून के छींटे भी मिले हैं, जिससे पुलिस को हत्या कर शव को यहां फेंके जाने की आशंका है।

पुलिस के अनुसार मृतक मोहम्मद शाबिर (38) मूल रूप से वैशाली, बिहार के रहने वाले थे वह वर्तमान में उन्नाव के थाना गंगाघाट स्थित अखलाक नगर में किराए के मकान में अपनी पत्नी मुन्नी (32) और चार बच्चों- सुहैल (14), आलिया (9), यास्मीन (7) और अफसाना (3) के साथ रहते थे और जाजमऊ स्थित एक जूता फैक्ट्री में मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पाल रहे थे। उनके बड़े भाई मोहम्मद आबिद ने बताया कि बीती रात करीब 8 बजे उनकी शाबिर से बात हुई थी। आज शनिवार सुबह उनके एक मित्र ने उन्हें सूचना दी कि शाबिर गंगापुल पर लहूलुहान अवस्था में पड़े हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है।

# भीनमाल उप जिला अस्पताल को मिली कुछ राहत, दो विशेषज्ञ डॉक्टरों ने संभाली जिम्मेदारी



स्मार्ट हलचल

**भीनमाल।** लंबे समय से डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे भीनमाल उप जिला सरकारी अस्पताल को सरकार द्वारा राहत प्रदान की गई है। अस्पताल में तीन विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है, जिनमें से दो डॉक्टरों ने अपनी जॉइनिंग दे दी है।

अस्पताल प्रभारी डॉक्टर नेमीचंद संघवी के अनुसार डॉ. सुरेश बिश्नोई (टीबी एवं चेस्ट/श्वास रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. अनिल बिश्नोई (एमडी मेडिसिन, जनरल फिजिशियन) ने अस्पताल में कार्यभार संभाल लिया है वहीं डॉ. बाबूलाल (एमडी पीडियाट्रिशियन - बच्चों के डॉक्टर) की नियुक्ति भी की गई है, लेकिन उन्होंने अभी तक जॉइन नहीं किया है।

एडवोकेट नंदपाल सिंह देवड़ा का कहना है कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति से अब मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी तथा गंभीर रोगों के उपचार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। खासकर टीबी, श्वास रोग एवं सामान्य बीमारियों के मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

कृष्णकुमार रोड़ा ढाणी ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए जल्द ही बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. बाबूलाल के भी जॉइन करने की उम्मीद जताई है, जिससे अस्पताल में बच्चों के इलाज की सुविधा और मजबूत हो सके।

# ग्राहकों के विश्वास की चिंता करता है अर्बन बैंक: अध्यक्ष डॉ सेठिया

स्मार्ट हलचल| ओम जैन



**चित्तौड़गढ़।** अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की निंबाहेड़ा शाखा द्वारा आयोजित रजत जयंती सक्रांति महोत्सव बैंक अध्यक्ष डॉ आई एम सेठिया की अध्यक्षता व पूर्व विधायक अशोक नवलखा, निदेशक बाल किशन धूत,हेमंत शर्मा, बाबर मल मीना, कल्याणी दीक्षित, हरीश आहूजा,प्रमुख उद्यमी सुशील चौधरी,प्रियंक नरेडी, भजन जिज्ञासु,पारस वीरवाल, ललित शारदा, सिद्धराज सिंघवी प्रबंध निदेशक वंदना वजीरानी के आथित्य में शुक्रवार को झूलेलाल भवन पर संपन्न हुआ।

बैंक अध्यक्ष डॉ सेठिया ने अध्यक्षीय उद्बोधन में अर्बन बैंक की स्थापना व कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की प्रतिस्पर्धा के दौर में सीमित साधनों के बावजूद बैंक ने सभी आधुनिक तकनीक माध्यमो को अपनाकर विशेषकर युवा ग्राहकों को जोड़ने का प्रयास किया है और वर्तमान में जुड़े ग्राहकों को सफल व्यवसायी बनने के लिए प्रक्षिक्षण देकर उनका विश्वास जीतने का प्रयास किया है। बैंक व्यापक प्रचार प्रसार के माध्यम आमजन में भी सहकारिता की भावना का बीजारोपण करने का प्रयत्न कर रहा हे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने बैंक की स्थापना से लेकर आज तक की प्रगति यात्रा का साक्षी होने के साथ ही ग्राहकों के विश्वास को प्राथमिकता देते हुए बैंक की मजबूती के लिए सराहनीय प्रयास किए हे।

बैंक की प्रबंध निदेशक वंदना वजीरानी ने स्वागत उद्बोधन व बैंक की विस्तृत परिचयात्मक जानकारी प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथि भजन जिज्ञासु, सिद्ध राज सिंगवी, निदेशक हरिश आहूजा,बाल किशन धूत कल्याणी दीक्षित ने भी बैंक के कार्यक्रलाप की सराहना करते हुए कहा की बैंक जिले के मध्यम वर्ग को जोड़कर उनको आर्थिक संबल प्रदान करने का सराहनीय काम कर रहा है।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ ही महाप्रबंधक दिनेश खंडेलवाल व जे पी जोशी प्रबंधक मदन विरवाल, तकनीकी प्रबंधक राकेश दशोरा,प्रबंधक प्रशासन राजेश अवस्थी, क्षेत्रीय प्रबंधक दामोदर चेचानी, आरती खानचंदानी, मनोज तंबोली ने मंचासिन अतिथियों का उपरना से अभिनंदन किया।कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक दिनेश खंडेलवाल व जे पी जोशी ने किया व आभार शाखा प्रबंधक मदन वीरवाल ने व्यक्त किया। कार्यक्रम मे प्रमुख गणमान्य बंधु मोती लाल आहूजा, सिद्धराज गोखरू प्रदीप मोदी, अनिल धूत सीए रोहित नागोरी, भजन लाल ललित शारदा प्रियाक नरेडी सुशील चौधरी पारस वीरवाल रवि कृपलानी प्रियंका चाष्ठा नाना लाल भूतडा किशोर चिमनानी विनोद नागोरी रत्नेश काबरा रामसाहय काबरा सिद्धूराज सिंघवी जगदीश राजोरा पवन छिपा रोहित नागोरी हस्ती मल दुग्गड विजय मारु आदि लोग उपस्थित थे।

# कपासन विधानसभा में सड़क व पेयजल के लिए 17.37 करोड़ स्वीकृत

**चित्तौड़गढ़।** कपासन विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विधायक अर्जुनलाल जीनगर की अनुशंसा पर डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएफटी) मद से क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं पंचायतों में सड़क निर्माण एवं पेयजल से संबंधित विकास कार्यों के लिए 17 करोड़ 37 लाख 50 हजार रुपये की स्वीकृतियां जारी की है।

विधायक जीनगर की अनुशंसा पर कल्याणपुरा से नारिया तक एक किमी डामरीकरण कार्य के लिए 50 लाख, राजपुरा से गणपति फैक्ट्री तक एक किमी डामरीकरण के लिए 50 लाख, सूरपुर से अर्जुननगर तक 3 किमी डामरीकरण के लिए डेढ़ करोड, करजाली से गोवर्धनपुरा तक 3 किमी डामरीकरण के लिए डेढ़ करोड़, तुर्किया कला में सम्पर्क सड़क व नाली निर्माण के लिए 75 लाख, नई बड़वई से पुरानी बड़वई तक डामरीकरण कार्य के लिए 50 लाख सहित विभिन्न गांवों व पंचायतों में डामरीकरण, सीसी सड़क एवं सम्पर्क मार्ग के कुल 19 सड़क निर्माण कार्य के लिए 15 करोड़ 30 लाख रुपये की स्वीकृतियां डीएफटी मद से जारी की गई। इसी प्रकार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कपासन विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों व पंचायतों में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने हेत 10 कार्यो के लिए 2 करोड़ 7 लाख 50 हजार रुपये की स्वीकृतियां डीएफटी मद से जारी की गई है।

# लूट की झूठी रिपार्ट देने वाले सहित चार गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** कोतवाली थाना पुलिस ने कार को जबरन रुकवाकर 6 लाख रुपये लूटने की घटना को झूठी पाए जाने के बाद चार व्यक्तियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 31 जनवरी को दोपहर 1 बजे विजेन्द्रपाल सिंह पिता भंवरसिंह राजपूत निवासी छोटेखेड़ा थाना पारसोली ने कोतवाली पुलिस को इस आशय कि सूचना दी कि व ह और उसका साथी श्यामसिंह चौहान बस्सी से चित्तौड़गढ़ आ रहे थे। इसी दौरान कोटा- उदयपुर हाईवे पर ऐराल के पास एक थार गाड़ी ने उन्हे जबरन रुकवाया और उसकी कार का कांच फोड़कर 6 लाख रुपये लूट कर ले गए। इस सूचना पर कोतवाली थाना अधिकारी तुलसीराम, सदर थानाधिकारी प्रेम सिंह, उपाधीक्षक ब्रजेश सिंह, एएसपी आदि ने मौका मुआयना किया। इस विजेन्द्र ने 6 लाख रुपये की बजाया डेढ़ लाख रुपये लूटने की बात कही। ईधर पुलिस द्वारा लूट की घटना को लेकर चारों ओर नाकाबंदी करा दी गई। जिसमें उक्त थार को शम्भुपूरा थाना पुलिस ने डिटेन कर उसमें बैठे गणेश पिता बगदीराम कीर निवासी कल्याण पुरा व अनिल पिता हीरालाल कीर निवासी बामणिया थाना कोतवाली निम्बाहेड़ा को चित्तौड़गढ़ कोतवाली लाया गया। इसके बाद पुलिस ने विजेन्द्रपाल सिंह और श्यामसिंह को भी कोतवाली बुलाया, जो कई बार बुलाने पर पहुंचे। जहां पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में सामने आया कि गणेश व अनिल फाईनेन्सकर्मी हैं और विजेन्द्र पाल की कार की किश्तें बाकि चल रही हैं। इसी बात को लेकर दोनो पक्षों में विवाद हो गया था। जिसके बाद विजेन्द्र ने 6 लाख रुपये की लूट की झूठी कहानी सूना। इसी दौरान दोनो पक्ष फिर विवाद करने लगे, जिस पर पुलिस ने चारों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। इसके साथ ही स्वीफ्ट कार व थार जीप को भी जब्त किया गया।

# जांगिड़ ब्राह्मण समाज ने धार्मिक मनाई विश्वकर्मा जयंती

स्मार्ट हलचल|सूरौठ



यहां हिण्डौन मार्ग स्थित जांगिड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला में शनिवार को विश्वकर्मा जयंती धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जांगिड़ ब्राह्मण समाज के लोगों ने समाज सुधार के बिंदुओं पर परिचर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के सूरौठ अध्यक्ष बृजमोहन जांगिड़ कपूरा वालों ने की। जांगिड़ ब्राह्मण समाज के सभी लोग सुबह 10 बजे हिंडौन मार्ग स्थित धर्मशाला में एकत्रित हुए तथा विधि विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की।

उपस्थित लोगों ने भगवान विश्वकर्मा की आरती की और उनकी महिमा का गुणगान किया। इस दौरान समाज के पूर्व अध्यक्ष महादेव जांगिड़ ने भगवान विश्वकर्मा की कथा का वाचन किया जिसमें भगवान विश्वकर्मा द्वारा की गई सृष्टि के निर्माण पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माला की बोली रही। माला की अंतिम बोली ताहरपुर निवासी सियाराम जांगिड़ के नाम 31,000 रुपये में रही। पूजा और आरती के पश्चात सभी उपस्थित समाज बंधुओ के लिए भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जांगिड़ ब्राह्मण समाज के सूरौठ अध्यक्ष बृजमोहन जांगिड़, प्रहलाद ठेकेदार, महादेवा जांगिड़, द्वारका प्रसाद जांगिड़ भुकरावली वाले, रमेश जांगिड़, चंद्रभान जांगिड़, पुरुषोत्तम जांगिड़, सियाराम जांगिड़, राजकुमार जांगिड़, राजेश जांगिड़, महेंद्र जांगिड़, जमनालाल, राधे, यतेंद्र, दिलीप, मनु जांगिड़ आदि ने समाज में शिक्षा एवं रचनात्मक कार्यों के संबंध में विचार विमर्श किया। आयोजन के अंत में अध्यक्ष बृजमोहन जांगिड़ ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए समाज में एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

# सारणेश्वर महादेव मंदिर में मासिक प्रदोष पर भजन संध्या आयोजित

**गंगरार।** क्षेत्र में स्थित सारणेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार रात्रि मासिक प्रदोष पर्व पर प्रदोष जागरण समिति के तत्वाधान में श्रद्धालु रतन लाल टेलर की ओर से भजन संध्या का आयोजन किया गया।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भजन संध्या का शुभारंभ रामलाल नोग्या ने गणपति वंदना के साथ किया। इसके पश्चात भजन गायक तुलसीराम बरिया, मधुसुदन शर्मा, हस्तीमल सुराणा, इंद्रमल नोग्या, रतन लाल टेलर, गणपत लाल सरेकू, प्रहलाद बरिया, भंवरलाल गाडरी, जीतमल सरेकु, रिद्धि शंकर गंधर्व, हरीश शर्मा, राकेश बरिया, सत्यनारायण अरोड़ा आदि ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। देर रात तक चली भजन संध्या में ट्रस्ट अध्यक्ष सुरेश शर्मा, संपत गिरी, धर्मनारायण शर्मा, मोनीश शर्मा, नारायणलाल सुथार, गणेश सुथार, कन्हैयालाल धोबी, श्यामलाल सुथार, गणेश नोग्या, अनिल, मुकेश शर्मा, शिव सुथार, मांगीलाल माली, दीपक सुराणा, भारत सोनी, गोपाल गाडरी, सुनील बरिया सहित कई श्रोतागण उपस्थित थे।

# भेड़ों बकरी बकरी चोरी गिरोह का पर्दाफाश मुठभेड़ में शातिर बदमाश घायल, छह साथी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल|खखरेरू/फतेहपुर



थाना क्षेत्र के अंजना कबीर गांव के पास बीती रात लगभग एक बजे पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने भेड़-बकरी चोरी करने वाले गिरोह के एक शातिर बदमाश को गोली लगने से घायल कर गिरफ्तार किया, जबकि उसके छह साथियों को घेराबंदी कर दबोच लिया गया। एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने मौके से चोरी में प्रयुक्त पिकअप, छोटा हाथी, स्विफ्ट कार, अवैध तमंचा, कारतूस तथा बड़ी संख्या में भेड़-बकरियां बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार 29 जनवरी की रात थाना खखरेरू पुलिस अंजना कबीर गांव के पास स्थित ईंट भट्ठे के समीप वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कनवार की ओर से तेज रफ्तार से आ रही एक स्विफ्ट कार को रोकने का इशारा किया गया, लेकिन कार सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया।

घायल बदमाश की पहचान शोएब कुरैशी उर्फ शिबू (22) पुत्र मोहम्मद नवाब, निवासी बहलोलपुर ऐलई, थाना खागा, जनपद फतेहपुर के रूप में हुई। उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा, एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 1200 रुपये नकद बरामद हुए। स्विफ्ट डिजायर कार से तीन भेड़ भी बरामद की गईं। घायल बदमाश को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

पूछताछ व निशानदेही पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसके छह अन्य साथियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक पिकअप वाहन संख्या छरु01,रु0380, एक लोडर/छोटा हाथी तथा दोनों वाहनों से 22 भेड़ और 7 बकरे बरामद किए गए।

गौरतलब है कि 27 जनवरी की रात बरैयपुर गांव के पास बनी पानी की टंकी के पास से बदमाशों ने 35 भेड़ों की चोरी की थी। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए संभावित मार्गों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और खखरेरू व गाजीपुर पुलिस के संयुक्त अभियान में चोरी में प्रयुक्त वाहनों सहित आधा दर्जन से अधिक बदमाशों को पकड़ने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपी इमरान पुत्र रहमत अली निवासी ग्राम सेमरामऊ थाना गाजीपुर संदीप पुत्र प्रभु अखिलेश पुत्र धुक्कड निवासी विजय नगर कस्बा खखरेरू सोहेल उर्फ गुड्डू निवासी बहलोलपुर ऐलई थाना खागा रियासत पुत्र रिफाकत निवासी ऐरांवां थाना सुल्तानपुर घोष अमीर हम्ज़ा पुत्र महबूब निवासी बहुवा थाना ललौली जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर भागने वाला आरोपी धाता थाना क्षेत्र के अजरौली गांव निवासी राजू पुत्र श्रीनाथ बताया जा रहा है पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर ले भेजने की कार्रवाई की है।

# तृतीय उदय खेल महोत्सव क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का जोश चरम पर

### पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

स्मार्ट हलचल|निंबाहेड़ा



तृतीय उदय खेल महोत्सव क्रिकेट प्रतियोगिता महोत्सव-2026 के अंतर्गत आयोजित दस दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन भी खेल मैदान पर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह, ऊर्जा एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना देखने को मिली। प्रतियोगिता में भाग ले रही विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। दस दिवसीय उदय खेल महोत्सव क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना एवं छोटीसादड़ी पंचायत समिति के उप प्रधान विक्रम आंजना अल सुबह निंबाहेड़ा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल मैदान पहुँचे। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रही विभिन्न क्रिकेट टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका परिचय प्राप्त किया तथा उत्साहवर्धन करते हुए उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन की सराहना की।

इस अवसर पर पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। खेलों से न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि उदय खेल महोत्सव जैसे आयोजनों से ग्रामीण एवं शहरी प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का सशक्त मंच मिलता है।

युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने किया आत्मीय स्वागत

प्रतियोगिता स्थल पर पहुँचे अतिथियों का निंबाहेड़ा एवं छोटीसादड़ी विधानसभा युवा कांग्रेस तथा एनएसयूआई परिवार के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत कार्यक्रम में विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष बलवंत जाट, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोमिल चौधरी, छोटीसादड़ी कांग्रेस मंडल अध्यक्ष गुलाब धाकड़, लसड़ावन कांग्रेस मंडल अध्यक्ष विक्रम अहीर, केली कांग्रेस मंडल अध्यक्ष पिंकेश जैन उपस्थित रहे।

इसके साथ ही अरनिया जोशी ग्राम पंचायत सरपंच गजेंद्र पालीवाल, नगर कांग्रेस कमेटी महासचिव दिग्वेंद्र प्रताप सिंह जादोन, सचिव आशीष अग्रवाल, प्रदीप मदानिया, नितेश आंजना, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़, साजन सोनी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। एनएसयूआई की ओर से विधानसभा अध्यक्ष दीपक धाकड़, ब्लॉक अध्यक्ष भंवर सिंह शक्तावत, नगर अध्यक्ष राहुल सेन, मुकेश धाकड़, संजय, आशीष टांक, गणपत आंजना, अरविंद अहीर, विकास धाकड़ बड़वाली, सुरेश मीणा, करण जीनगर, उबैद खान, समरथ रैगर, आदित्य पहाड़िया, मोहित राठौर, विकास धाकड़ संतोषपुरिया, आशुतोष टांक, दिलकुश मीणा, हरिकिशन माली सहित निंबाहेड़ा एवं छोटीसादड़ी क्षेत्र के युवा कांग्रेस व एनएसयूआई कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान खेल मैदान पर उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा तथा खिलाड़ियों एवं दर्शकों में खेल महोत्सव को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

# सेन्ट्रो कार से 21 ग्राम एमडीएमए जब्त, तीन गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** जिले की निम्बाहेड़ा कोतवाली थाना पुलिस ने जलिया चैक पोस्ट पर नाकाबंदी के दौरान एक सेन्ट्रो कार में 21 ग्राम अवैध एमडीएमए (मोली पाउडर, मिथाइलीन डाई ऑक्सी फैनीथाइलामाइन) परिवहन करते तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम के तहत एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन एंव डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव के सुपरविजन में थानाधिकारी रामसुमेर मीणा के निर्देश पर थाना इंचार्ज उपनिरीक्षक लादु लाल द्वारा हेड कांस्टेबल हरविन्द्र सिंह, कांस्टेबल रणजीत, जगदीश, विजय सिंह, मांगु सिंह एवं गोविन्द सिंह के साथ जलिया चैक पोस्ट पर नाकाबन्दी की जा रही थी। इसी दौरान एक हुंडई सेंट्रो कार को रुकवा कर तलाशी ली गई तो उसके डेश बोर्ड में प्लास्टिक की थैली में रखी 21 ग्राम अवैध एमडीएमए पाउडर मिला, जिसे कार सहित जब्त कर आर के कोलोनी थाना सुभाष नगर जिला भीलवाड़ा निवासी मोहम्मद रिजवान (37) पुत्र मोहम्मद रफीक, मोहम्मद अफजल (29) पुत्र मोहम्मद अकबर और जाहीद अली (21) पुत्र अब्दुल हकीम को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा अवैध एमडीएमए के संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है।

## गोरधा में 11वीं हरि बोल प्रभात फेरी वार्षिकोत्सव बना ऐतिहासिक धार्मिक उत्सव

# फूलों की बरसात, जयघोषों की गूंज और रामनाम का महासागर

स्मार्ट हलचल





**सावर(अजमेर)।** धार्मिक आस्था और सनातन परंपराओं से ओत-प्रोत ग्राम गोरधा में दो दिवसीय 11वीं हरि बोल प्रभात फेरी वार्षिकोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। शनिवार को निकली विशाल हरि बोल प्रभात फेरी ने पूरे गांव को राममय कर दिया। चारभुजा मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद प्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ। ढोलक की थाप, मंजीरों की झंकार और हरि बोल-हरि बोल, राधे-राधे के गगनभेदी जयघोषों के बीच श्रद्धालु भजनों पर झूमते-नाचते हुए ग्राम भ्रमण पर निकले। वातावरण पूर्णतः भक्तिरस में डूब गया। प्रभात फेरी मीणा मोहल्ला, जैन मोहल्ला, बलाई मोहल्ला, चारभुजा मंदिर गली, मोटीस मोहल्ला, मांगटदेव चौक एवं तेजाजी चौक से होती हुई गोरधा बस स्टैंड स्थित बालाजी मंदिर परिसर पहुंची, जहां यह विशाल धर्मसभा में परिवर्तित हो गई। फेरी में ठाकुर जी महाराज एवं बाबा रामदेव जी का दिव्य बेवाण श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा।

### संतों का सान्निध्य सौभाग्य का प्रतीक : निर्मलदास जी महाराज

धर्मसभा को संबोधित करते हुए श्री श्री 1008 निर्मलदास जी महाराज (लुंलास रामद्वारा) ने कहा कि संतों का समागम जीवन का परम सौभाग्य है। संतों की वाणी अमृत के समान होती है, जो मानव जीवन को सत्य, सेवा और सदमार्ग की दिशा प्रदान करती है। उन्होंने गौमाता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यह समय की पुकार है और सरकार को इस दिशा में शीघ्र निर्णय लेना चाहिए।

### पुष्पवर्षा से हुआ रामधुनी मंडलों का भव्य स्वागत

प्रभात फेरी के दौरान ग्रामीणों ने मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर एवं जलपान की व्यवस्था कर रामधुनी मंडलों का आत्मीय स्वागत किया। हरि बोल प्रभात फेरी मंडल के सदस्य सांवर मल प्रतिहार ने बताया कि इस पावन आयोजन में गंधेर, पंडेर, रोपा, थडोली, संथली सहित आसपास के गांवों से 101 रामधुनी मंडलों ने सहभागिता निभाई।

### भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

शनिवार दोपहर बाद बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवा, समर्पण और सहयोग से आयोजन को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया गया।

### भजन संध्या में भक्ति पर झूम उठा गोरधा

प्रभात फेरी की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। भजन गायिका सांवरी बाई ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ कर एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। भजन गायक रामलाल बल्दरखा ने गुरुवाणी भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर किया, वहीं सुप्रसिद्ध नृत्यांगना शिवानी राजस्थानी ने मनमोहक राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं।

### धार्मिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का सशक्त संदेश

पूरे आयोजन के दौरान ग्राम गोरधा भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के रंग में सराबोर नजर आया। 11वीं हरि बोल प्रभात फेरी वार्षिकोत्सव ने धार्मिक एकता, सांस्कृतिक मूल्यों और सनातन परंपराओं को नई ऊर्जा प्रदान की।

## जांगिड़ समाज ने श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई भगवान विश्वकर्मा जयंती, निकाली भव्य शोभायात्रा



स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** कस्बे में शनिवार को जांगिड़ समाज द्वारा भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धा, हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा की भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में समाजबंधु हाथों में धर्म ध्वजा थामे डीजे की भक्तिमय धुनों पर नाचते-गाते नजर आए। शोभायात्रा मुख्य बाजार से होकर गुजरी, जहां भाजपा मंडल के सदस्यों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया। शोभायात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गों से होती हुई मानसरोवर जोहड़ स्थित विश्वकर्मा मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में शोभायात्रा के समापन के पश्चात समाज के प्रबुद्धजनों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के उत्थान, शैक्षणिक प्रगति और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान आगामी तहसील अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर भी चर्चा की गई तथा समाज की एकता और मजबूती पर विशेष बल दिया गया। जयंती कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाते हुए समाज के लोगों को स्मृति चिह्न के रूप में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाएं उपहार स्वरूप भेंट की गईं। कार्यक्रम के अंतिम चरण में भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना एवं महाआरती का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस गौरवमयी आयोजन में विश्वकर्मा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष चौथमल जांगिड़ सहित मोतीलाल, बंशीधर, देवकरण, अमित कुमार, देवेन्द्र, प्रदीप कुमार, घनश्याम, शांति लाल, सुभाष, गिरिराज, कांतिलाल, बसंती लाल, राजेंद्र, रामावतार, राजेश, श्याम लाल, गणेश, महेश, बाबूलाल, गुलाब चंद प्रजापत सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सन्त रविदास जयंती पर शोभायात्रा आज

स्मार्ट हलचल

**जुरहरा, जिला डीग।** महान संत गुरु रविदास जी की 649 वीं पावन जन्म जयन्ती के अवसर पर जुरहरा जाटव समाज के तत्वावधान में आज क़स्बे में भव्य शोभायात्रा सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। क़स्बे के गुरु रविदास मन्दिर पर रविवार को सुबह हवन किया जाएगा इसके बाद बैंड-बाजों के साथ गुरु रविदास जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा क़स्बे के गुरु रविदास मंदिर से शुरू होकर मैन बाजार, चौपड़ा बाजार, बस स्टैंड, सैनी मौहल्ला सहित विभिन्न गली-मोहल्लों से होते हुए निकाली जाएगी जिसमें स्थानीय जाटव समाज सहित ग्रामीणांचल के जाटव समाज के गणमान्य लोग शामिल रहेंगे।

# 70 लोगों को मृत बताकर वोटर लिस्ट से नाम कटवाने की शिकायत निकली फर्जी

### शिकायतकर्ता ने जताई अज्ञानता, किसी अज्ञात व्यक्ति पर फर्जी शिकायत करने का आरोप

स्मार्ट हलचल | खखरेरू / फतेहपुर



नगर पंचायत क्षेत्र में इन दिनों निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची संशोधन कार्य जोर-शोर से चल रहा है। इसी क्रम में नगर पंचायत की ओर से एक ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई, जिसमें 70 नागरिकों को मृत घोषित कर उनके नाम मतदाता सूची से हटाने की मांग की गई थी।

शिकायत की जांच के लिए जब क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंचे और कथित रूप से 'मृत' बताए गए लोगों के घरों पर सत्यापन किया गया, तो सभी व्यक्ति जीवित पाए गए। इनमें सिकंदर, रैसुन, गुलशन, मोहम्मद अतीम, मोहम्मद एजाज, शकीला बानो, हाजरा बानो, शाहनवाज, जाहिदा, हसीना बानो, इकबाल अहमद, कमरून निशा सहित कुल 70 लोग शामिल थे। सभी संबंधित लोग अपने-अपने वैध दस्तावेजों के साथ बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के समक्ष उपस्थित हुए और शिकायत को फर्जी व साजिशपूर्ण बताया।

इस संबंध में लेखपाल सुनील चौधरी ने बताया कि जिन व्यक्तियों को मृत दर्शाया गया था, वे सभी जीवित पाए गए हैं और दस्तावेजी सत्यापन भी पूर्ण रूप से सही मिला है। जांच में यह सामने आया कि यह ऑनलाइन शिकायत सुभाष नगर निवासी सुभाष पुत्र बिकरू के नाम से दर्ज कराई गई थी।

हालांकि जब सुभाष से इस विषय में संपर्क किया गया, तो उन्होंने ऐसी किसी भी शिकायत से साफ इनकार करते हुए कहा कि उन्हें न तो किसी ऑनलाइन शिकायत की जानकारी है और न ही मतदाता सूची से संबंधित किसी प्रक्रिया में उनकी कोई भूमिका है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके नाम का दुरुपयोग कर फर्जी शिकायत दर्ज कराई है। लेखपाल सुनील चौधरी ने बताया कि शिकायतकर्ता के नाम और विवरण में भी तकनीकी गड़बड़ी पाई गई है। सुभाष द्वारा लिखित रूप में शिकायत को पूरी तरह निराधार और फर्जी बताया गया है। प्रशासनिक स्तर पर मामले को रिकॉर्ड में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सुथार समाज ने श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई विश्वकर्मा जयंती



स्मार्ट हलचल

**भीनमाल।** शनिवार को भीनमाल शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सुथार समाज द्वारा भगवान विश्वकर्मा जयंती पूरे श्रद्धा भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गायत्री मंदिर के पास स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर में सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया गया।

जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने भाग लेकर भगवान विश्वकर्मा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

इस धार्मिक आयोजन में भीनमाल शहर के साथ-साथ आसपास के कई गांवों से सुथार समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे शामिल हुए। मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर वीराराम सुथार, एडवोकेट रमेश सुथार, जबराराम कावतरा, असलाराम जुंजाणी, पीराराम, राजमल सहित समाज बंधु मौजूद थे।

## मेड़ता रोड में ख्वाजा फज़लुर्रहमान चिश्ती उर्फ चंगा बाबा का उर्स शुरू



स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** कस्बे में सूफी संत हज़रत ख्वाजा फज़लुर्रहमान चिश्ती उर्फ चंगा बाबा का सालाना उर्स पूरे अकीदत और शानो-शौकत के साथ शुरू हो गया। उर्स की शुरुआत चादर के जूलूस के साथ हुई, जिसने पूरे कस्बे को सूफियाना रंग में रंग दिया। यह उर्स आपसी भाईचारे और साम्प्रदायिक सौहार्द का प्रतीक माना जाता है।

चादर का जूलूस कस्बे की जामा मस्जिद से रवाना हुआ, जो मुख्य मार्गों से होता हुआ बाबा फज़लुर्रहमान चिश्ती के आस्ताने पर पहुंचा। जूलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद, उलेमा, समाजसेवी और स्थानीय लोग शामिल हुए। जूलूस के दौरान 'या बाबा चंगा, 'अमन और मोहब्बत जिंदाबाद' जैसे नारों से माहौल गूंज उठा।

आस्ताने पर चादर पेश कर देश और दुनिया में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआएं मांगी गईं। इस मौके पर विभिन्न धर्मों के लोगों की मौजूदगी ने बाबा के पैगाम-ए-मोहब्बत और इंसानियत को और मजबूत किया।

उर्स के तहत इशा की नमाज के बाद महफिले समां का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मशहूर और ख्याति नाम क़व्वाल अपनी सुफियाना कलाम पेश करेंगे। क़व्वाली के जरिए सूफी संतों की शिक्षाओं और रूहानी संदेश को लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

उर्स में शिरकत करने के लिए प्रदेश भर से जायरीन मेड़ता रोड पहुंच रहे हैं। आस्ताने और आसपास के इलाकों में रौनक बनी हुई है। प्रशासन और उर्स कमेटी की ओर से जायरीन की सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं।

उर्स के यह आयोजन बाबा फज़लुर्रहमान चिश्ती की उस विरासत को जीवंत रखते हैं, जिसमें प्रेम, सद्भाव और इंसानियत का पैगाम निहित है।

# ब्रेन डेड किसान ने तीन लोगों को दिया नया जीवन

### जोधपुर एम्स में इस साल का पहला अंगदान, ग्रीन कॉरिडोर बना जयपुर भेजी किडनी

**जोधपुर।** शहर में वर्ष 2026 का पहला अंगदान (कैडेवरिक डोनेशन) हुआ, जब खेती करने वाले पाली जिले के 58 वर्षीय किसान अन्नेसिंह के परिवार ने मानवता की अनूठी मिसाल पेश की। अन्नेसिंह के निधन के बाद परिवार ने अंगदान का नेक फैसला लिया। इससे गंभीर रूप से बीमार तीन रोगियों को नया जीवन मिला।

एम्स के कार्यकारी निदेशक प्रो। गोवर्धन दत्त पुरी ने बताया कि पाली के जोजावर (खोखरा) निवासी अन्नेसिंह को बेहोशी की हालत में 19 जनवरी को एम्स जोधपुर के आपातकालीन विभाग में लाया गया था। गहन चिकित्सा प्रबंधन के बावजूद न्यूरोलॉजिकल जांच में ब्रेनस्टेम रिफ्लेक्सिस (मस्तिष्क की प्रतिक्रिया) की अनुपस्थिति पाई गई। इसके बाद मेडिकल बोर्ड ने उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया था। दुख की घड़ी में ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेशन टीम ने परिवार के साथ कई काउंसलिंग सत्र किए। विस्तृत चर्चा और भावनात्मक सहयोग के बाद परिवार ने अंगदान के लिए सहमति दी और अपने दुख को दूसरों के लिए जीवनरक्षक उपहार में बदलने का साहसिक विकल्प चुना। डॉ. पुरी ने बताया कि एम्स में यह 11वां अंगदान है। इसके लिए अन्नेसिंह के परिवार के प्रति एम्स प्रबंधन ने आभार जताया। अन्नेसिंह की किडनी और लीवर को एम्स जोधपुर के मरीजों को सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया, जबकि एक किडनी एसएमएस अस्पताल जयपुर के मरीज को आवंटित की। इसे जयपुर भेजने के लिए जोधपुर ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन ने ग्रीन कॉरिडोर बनाया।

डॉ. पुरी ने बताया कि एम्स जोधपुर में यह 11वां सफल कैडेवरिक अंगदान है। यह 2026 के लिए आशाजनक शुरुआत है, जो पश्चिमी राजस्थान में अंगदान जागरूकता और उन्नत प्रत्यारोपण सेवाएं प्रदान करने के संस्थान के संकल्प को और मजबूत करता है। सामान्यतः यह प्रोसीजर आयुष्मान भारत के तहत होता है, जिससे मरीजों पर वित्तीय बोझ कम से कम रहे। इस अंगदान और प्रत्यारोपण में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और जीआई सर्जरी (लीवर टीम) में डॉ. वैभव वार्ष्णेय, डॉ. पीयूष वार्ष्णेय, डॉ. लोकेश अग्रवाल, यूरोलॉजी (किडनी टीम) में डॉ. एएस संधू, डॉ. शिवचरण नवरिया थे। ब्रेन डेथ घोषणा समिति में डॉ. सादिक मोहम्मद, डॉ. अभिषेक भारद्वाज, डॉ. दीपक झा और डॉ. दुर्गाशंकर मीणा में शामिल थे।

## यात्रीभार को देखते हुए 10 साप्ताहिक ट्रेनों की संचालन अवधि बढ़ाई गई

### कोटा मंडल से होकर गुजरने वाली विशेष रेलसेवाएं अब निर्धारित विस्तारित तिथियों तक संचालित होंगी

स्मार्ट हलचल | कोटा

यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्रीभार को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल से होकर गुजरने वाली 10 साप्ताहिक विशेष ट्रेनों की संचालन अवधि में विस्तार किया गया है। इन रेलसेवाओं का संचालन पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार अब विस्तारित अवधि तक जारी रहेगा।

विस्तारित विशेष रेलसेवाएं इस प्रकार हैं– 1. गाड़ी संख्या 04715 बीकानेर-साईनगर शिरडी टर्मिनस विशेष रेलसेवा (साप्ताहिक, शनिवार) को दिनांक 07.02.2026 से 28.02.2026 तक 04 फेरों के लिए बढ़ाया गया है।

2. गाड़ी संख्या 04716 साईनगर शिरडी टर्मिनस -बीकानेर विशेष रेलसेवा (साप्ताहिक, रविवार) को 08.02.2026 से 01.03.2026 तक 04 फेरों के लिए विस्तारित किया गया है।

3. गाड़ी संख्या 04725 हिसार-खडकी विशेष रेलसेवा (साप्ताहिक, रविवार) को 01.02.2026 से 22.02.2026 तक 04 फेरों के लिए बढ़ाया गया है।

4. गाड़ी संख्या 04726 खडकी-हिसार विशेष रेलसेवा (साप्ताहिक, सोमवार) को 02.02.2026 से 23.02.2026 तक 04 फेरों के लिए बढ़ाया गया है।

5. गाड़ी संख्या 09621 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस विशेष रेलसेवा (साप्ताहिक, रविवार) को 01.02.2026 से 22.02.2026 तक 04 फेरों के लिए बढ़ाया गया है।

6. गाड़ी संख्या 09622 बांद्रा टर्मिनस-अजमेर विशेष रेलसेवा (साप्ताहिक, सोमवार) को 02.02.2026 से 23.02.2026 तक 04 फेरों के लिए बढ़ाया गया है।

7. गाड़ी संख्या 09625 अजमेर-दौंड विशेष रेलसेवा (साप्ताहिक, गुरुवार) को 05.02.2026 से 26.02.2026 तक 04 फेरों के लिए विस्तारित किया गया है।

8. गाड़ी संख्या 09626 दौंड-अजमेर विशेष रेलसेवा (साप्ताहिक, शुक्रवार) को 06.02.2026 से 27.02.2026 तक 04 फेरों के लिए बढ़ाया गया है।

9. गाड़ी संख्या 09627 अजमेर-सोलापुर विशेष रेलसेवा (साप्ताहिक, बुधवार) को 04.02.2026 से 25.02.2026 तक 04 फेरों के लिए बढ़ाया गया है।

10. गाड़ी संख्या 09628 सोलापुर-अजमेर विशेष रेलसेवा (साप्ताहिक, गुरुवार) को 05.02.2026 से 26.02.2026 तक 04 फेरों के लिए विस्तारित किया गया है। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों से अपील की गई है कि यात्रा से पूर्व गाड़ियों की तिथियों, समय-सारणी एवं ठहराव से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए रेलवे की अधिकृत पूछताछ प्रणाली अथवा अधिकृत डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें।

# जयपुर बर्ड फेस्टिवल में राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित

## रेप्टर्स, आउल और वेटलैंड्स संरक्षण पर हुआ गंभीर विमर्श

स्मार्ट हलचल | जयपुर





ग्रीन पीपल सोसायटी, जयपुर चैप्टर द्वारा राजस्थान सरकार के वन विभाग एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सहयोग से आयोजित जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2026 के तहत शनिवार सायंकाल कानोता कैंप रिजॉर्ट, जामडोली में एक राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें देश के प्रख्यात पक्षी विशेषज्ञों, पर्यावरणविदों और संरक्षण से जुड़े विशेषज्ञों ने सहभागिता की। कार्यशाला में पक्षियों–विशेषकर रेप्टर्स और आउल–के संरक्षण के साथ-साथ देश और प्रदेश की आर्द्रभूमियों (वेटलैंड्स) की चुनौतियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

### वेटलैंड्स पर पैनल डिस्कशन

वेटलैंड्स विषय पर आयोजित पैनल डिस्कशन को संबोधित करते हुए बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी के पूर्व निदेशक एवं वरिष्ठ पक्षीविद् डॉ. असद रहमानी ने अमृत सरोवर योजना की जानकारी देते हुए उसमें मौजूद कुछ विसंगतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पूरे देश में वेटलैंड्स संकट की स्थिति में हैं और इनके संरक्षण के लिए गंभीर प्रयास आवश्यक हैं। राजस्थान वाइल्ड लाइफ बोर्ड के सदस्य एवं एनसीटीए के पूर्व सदस्य राजपाल सिंह ने वेटलैंड्स को हो रही क्षति के कारणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अतिक्रमण, पानी की कमी और अनियमित पर्यटन गतिविधियां वेटलैंड्स के अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से सांभर लेक सहित अन्य वेटलैंड्स पर पर्यटन के दुष्प्रभावों की चर्चा की और संरक्षण के लिए स्पष्ट एसओपी बनाए जाने की आवश्यकता जताई। साथ ही उन्होंने उदयपुर के मेनार, किशन करेरी और बड़वई क्षेत्रों में ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे संरक्षण प्रयासों की सराहना की।

### समाज में सकारात्मक बदलाव की जरूरत :

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सीईओ रवि सिंह ने जयपुर बर्ड फेस्टिवल के सफल आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज में पॉजिटिव चेंज लाने की जरूरत है और बर्ड फेस्टिवल जैसे आयोजन इस दिशा में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने पर्यावरण और संरक्षण विषयों पर छोटे-छोटे प्रबुद्ध समूहों के संवाद को समय की आवश्यकता बताया।

### सांभर लेक और पर्यटन प्रबंधन पर जोर

चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन (केसीए) अरुण प्रसाद ने सांभर लेक के संदर्भ में बताया कि वहां वन विभाग का कोई प्रत्यक्ष क्षेत्र नहीं है, लेकिन पक्षियों की उपस्थिति के कारण यह विभिन्न विभागों के बीच समन्वय का केंद्र बनता है। उन्होंने बीते वर्षों में बर्ड फ्लू की स्थितियों में किए गए संरक्षण प्रयासों की जानकारी दी और पर्यटन प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया।

### पुस्तक का विमोचन :

कार्यशाला के दौरान रेप्टर्स एक्सपर्ट रातुल शाह की पुस्तक 'Falcons of India' का विमोचन किया गया। अपने प्रेजेंटेशन में शाह ने बताया कि भारत में रेप्टर्स की कुल 108 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 60 से अधिक प्रजातियां राजस्थान में मौजूद हैं। उन्होंने रेप्टर्स की घटती संख्या पर चिंता जताते हुए इनके संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

### आउल पर वैज्ञानिक जानकारी:

आउल एक्सपर्ट डॉ. प्राची मेहता ने उल्लुओं पर आधारित प्रस्तुति देते हुए बताया कि विश्व में आउल की 240 प्रजातियां, जबकि भारत में 36 प्रजातियां पाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि आउल अंटार्कटिका को छोड़कर लगभग सभी महाद्वीपों में पाए जाते हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अधिकांश प्रजातियों में मादा आउल का आकार नर से बड़ा होता है। अपने व्याख्यान में उन्होंने उल्लुओं की जीवन शैली, व्यवहार और पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### फोटोग्राफी से संरक्षण का संदेश :

नैनीताल से आए पद्मश्री सम्मानित फोटोग्राफर अनूप शाह ने बर्ड्स एवं पर्यावरण फोटोग्राफी के व्यावहारिक टिप्स साझा किए। उन्होंने अपने दीर्घकालिक अनुभवों के माध्यम से बताया कि फोटोग्राफी किस प्रकार संरक्षण का सशक्त माध्यम बन सकती है।

कार्यशाला का संचालन वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. सतीश शर्मा ने किया। समापन सत्र के प्रारंभ में ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने स्वागत उद्बोधन दिया, जबकि जयपुर बर्ड फेस्टिवल के संयोजक विक्रम सिंह ने गत वर्ष के फेस्टिवल और इस वर्ष की प्रमुख गतिविधियों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में विक्रम सिंह ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# मनोरंजन जगत में श्रिया सरन के 25 साल पूरे, साझा किए अनुभव



मनोरंजन जगत में जानी-मानी अभिनेत्री श्रिया सरन ने अपने 25 साल पूरे कर लिए हैं। अभिनेत्री ने इतने लंबे करियर में इंडस्ट्री में आए कई बड़े बदलावों को महसूस किया है। श्रिया सरन ने इस मौके पर अपने सफर, तकनीकी बदलावों और आज के दौर की चुनौतियों पर खुलकर बात की। श्रिया ने बताया कि जब उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की थी, तब फिल्म सेट्स का माहौल आज से बिल्कुल अलग था। उस समय इस्तेमाल होने वाली लाइट्स बेहद तेज होती थीं, जो आंखों को चुभती थीं और कई बार कलाकारों के लिए असहज स्थिति पैदा कर देती थीं। कैमरे भारी हुआ करते थे और तकनीक भी सीमित थी। शूटिंग के दौरान कलाकारों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता था और कैमरे की आवाज सुनकर ही यह अंदाजा लगता था कि सीन शुरू हो चुका है। उस दौर में काम करना ज्यादा मेहनत और धैर्य की मांग करता था। उन्होंने कहा कि आज तकनीक ने फिल्म इंडस्ट्री को पूरी तरह बदल दिया है। अब सॉफ्ट लाइट्स का इस्तेमाल होता है, जिससे आंखों पर दबाव नहीं पड़ता।
कैमरे पहले से कहीं ज्यादा हल्के और एडवांस हो गए हैं, जिससे शूटिंग न सिर्फ आसान बल्कि तेज भी हो गई है। इन बदलावों का सबसे बड़ा फायदा यह हुआ है कि कलाकार अब तकनीकी परेशानियों से हटकर अपने अभिनय पर ज्यादा ध्यान दे पाते हैं और काम का माहौल भी पहले से ज्यादा आरामदायक हो गया है। श्रिया सरन ने इंडस्ट्री के वर्किंग सिस्टम में आए बदलावों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि पहले कलाकारों को केवल एक मैनेजर के जरिए काम संभालना पड़ता था, लेकिन अब एजेंसियों का दौर है। आज कलाकारों को कई लोगों से तालमेल बैठाना पड़ता है। नई पीढ़ी के लोग नई सोच और नई जानकारी के साथ आते हैं, जो पुरानी पीढ़ी के लिए भी सीखने का मौका होती है। ऐसे में समय के साथ खुद को बदलना और नई चीजों को अपनाना बेहद जरूरी हो गया है। अपने 25 साल के करियर के उतार-चढ़ाव को याद करते हुए श्रिया ने कहा कि इतने लंबे सफर में भावनात्मक रूप से कई तरह के दौर आते हैं। कभी सब कुछ अच्छा लगता है, तो कभी इंसान खुद को अकेला और कमजोर महसूस करता है। ऐसे समय में अपने आसपास सही और सकारात्मक लोगों का होना बहुत जरूरी होता है, जो आपको संभालें और आगे बढ़ने की ताकत दें।

# माही विज फिर चर्चा में

टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस माही विज एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी कोई नई सीरीज़ या शो नहीं, बल्कि अपनी बेटी तारा के लिए किया गया खास तोहफा है। पति और अभिनेता जय भानुशाली से तलाक के बाद माही ने जिस मजबूती और आत्मनिर्भरता के साथ अपनी जिंदगी को आगे बढ़ाया है, वह कई महिलाओं के लिए मिसाल बन चुकी है। तलाक के बाद माही को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हर आलोचना का जवाब अपनी उपलब्धियों से दिया। पहले खुद के लिए नई कार खरीदी, फिर अपने नए घर की झलक फैंस के साथ साझा की और अब उन्होंने अपनी नन्हीं बेटी तारा को करीब 50 लाख रुपये की लग्जरी मिनी कूपर कार गिफ्ट कर सबका ध्यान खींच लिया है। बताया जा रहा है कि यह कार तारा का सपना थी, जिसे माही ने पूरा किया। सोशल मीडिया पर कार के साथ तस्वीरें वायरल होते ही फैंस माही की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कई यूजर्स ने उन्हें 'स्ट्रॉन्ग सिंगल मदर' और 'इंस्पिरेशन' बताया।



# रानी ने कहा था, मेहनत करेंगे तो बहुत आगे जाएंगे: रणबीर कपूर




**पूरा** भारतीय फिल्म उद्योग एकजुटता के साथ अभिनेत्री रानी मुखर्जी के सिनेमा में 30 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। यह जश्न रानी की चर्चित और दमदार फ्रेंचाइज़ी 'मर्दानी' की तीसरी फिल्म 'मर्दानी 3' के साथ मनाया जा रहा है, जो इन दिनों जबरदस्त चर्चा में है। इस जश्न में शामिल होकर रणबीर कपूर को भी बेहद खुशी और गर्व महसूस हो रहा है। रणबीर और रानी का रिश्ता सिर्फ सह-कलाकारों का नहीं, बल्कि सम्मान, प्रेरणा और भरोसे से भरा रहा है। रानी, रणबीर कपूर की डेब्यू फिल्म 'सांवरिया' में उनकी को-स्टार थीं और करियर की शुरुआत में उन्होंने रणबीर को जो आत्मविश्वास दिया, उसे वह आज भी नहीं भूले हैं। रणबीर कपूर ने रानी मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि 'सांवरिया' के दौरान रानी पहली शख्स थीं जिन्होंने उनसे कहा था कि अगर वह मेहनत करेंगे तो बहुत आगे जाएंगे।
रणबीर के मुताबिक, उस समय जब उन्हें सबसे ज्यादा सहारे और भरोसे की जरूरत थी, रानी के शब्दों ने उन्हें भीतर से मजबूत बनाया। उन्होंने कहा कि वह रानी को सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेत्री के तौर पर ही नहीं, बल्कि एक इंसान के रूप में भी बहुत करीब से जानते हैं। उनकी गरिमा, आकर्षण और अभिनय प्रतिभा ने उन्हें हमेशा प्रभावित किया है। रणबीर का मानना है कि रानी मुखर्जी भारतीय सिनेमा की उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्हें पीढ़ियां याद रखेंगी।
उन्होंने कहा कि रानी की 30 साल की आइकॉनिक विरासत का जश्न मनाने के लिए पूरे इंडस्ट्री का एक साथ आना वाकई खास है। रानी ने अपने किरदारों और फिल्मों के चयन से न सिर्फ खुद को अलग पहचान दी, बल्कि स्क्रीन पर महिलाओं को दिखाने का नजरिया भी बदला है। रणबीर ने यह भी कहा कि रानी का सिनेमा हमेशा लोगों को खुशी देने और समाज को कुछ सोचने पर मजबूर करने वाला रहा है। इस बीच, रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' ने इंटरनेट पर तहलका मचा रखा है। यह फिल्म महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दे को फिर से मजबूती से उठाती है। इस बार कहानी देशभर में कम आय वर्ग से आने वाली 8-9 साल की मासूम बच्चियों के अपहरण के भयावह सच को सामने लाएगी।

# अपनी सेहत को लेकर मजेदार किस्सा सुनाया ऋतिक रोशन ने



हाल ही में बॉलीवुड फिल्म निर्माता गोल्डी बहल की बर्थडे पार्टी में बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन को बैसाखी के सहारे चलते देखा गया था, जिसके बाद फैंस उनकी सेहत को लेकर चिंतित हो गए थे। अब अभिनेता ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी वजह साफ कर दी है। ऋतिक ने बताया कि उनके बाएं घुटने में अचानक दर्द उभर आया, जिससे चलने-फिरने में दिक्कत होने लगी। उन्होंने लिखा कि उनके शरीर के हर हिस्से में जैसे कोई 'ऑन/ऑफ' बटन लगा हो। कभी बायां पैर जवाब दे देता है, तो कभी कंधा या दायां टखना अचानक काम करने से मना कर देता है। ऋतिक ने इसे सिर्फ शारीरिक नहीं, बल्कि एक तरह की मनोदशा भी बताया। अपने खास अंदाज में उन्होंने लिखा, 'कभी मेरे बाएं पैर को बैसाखी की जरूरत पड़ती है, तो कभी बायां कंधा और दायां टखना एक्टिव हो जाते हैं या अचानक बंद हो जाते हैं। लगता है मेरे शरीर के हर हिस्से की अपनी अलग ही मर्जी है।' ऋतिक ने अपनी हालिया शूटिंग से जुड़ा एक मजेदार किस्सा भी शेयर किया। उन्होंने बताया कि एक गंभीर सीन के दौरान उनका डायलॉग था 'क्या आप डिनर के लिए घर आना चाहेंगे?' लेकिन उनकी जुबान 'डिनर' शब्द बोलने से मना कर रही थी। ऐसे में उन्होंने हर टेक में चतुराई से 'डिनर' की जगह 'लंच' कहना शुरू कर दिया, क्योंकि शुक्र था कि 'लंच' शब्द अभी भी बोला जा सकता था।
उन्होंने आगे लिखा कि पहली बार गलत शब्द निकलने पर हैरानी हुई, लेकिन जब वही गलती दोबारा हो गई तो उन्होंने सलमान खान स्टाइल में हाथ उठाकर रीटेक का इशारा किया, ताकि इसे महज एक छोटी सी चूक साबित किया जा सके। ऋतिक ने अपनी इन शारीरिक परेशानियों को हल्के-फुल्के और आत्मस्वीकृति वाले अंदाज में पेश किया, जिससे फैंस भी राहत महसूस कर रहे हैं। गौरतलब है कि बीते शनिवार को बैसाखी के सहारे चलते हुए उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद से ही उनके चाहने वाले परेशान थे। बता दें कि ऋतिक रोशन अक्सर सोशल मीडिया पर फैंस से खुलकर जुड़ते हैं। इस बार उन्होंने अपनी सेहत से जुड़ी परेशानियों को ईमानदारी और मजाकिया अंदाज में साझा किया है।

# सोहा अली ने जताया पति पर प्यार



बॉलीवुड के सबसे सादगी भरे और पसंदीदा कपल्स में शुमार सोहा अली खान और कुणाल खेमू आज अपनी शादी की 11वीं सालगिरह मना रहे हैं। इस खास मौके पर सोहा अली खान ने अपने पति कुणाल खेमू के लिए एक भावुक और प्यार से भरा पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसने फैंस का दिल जीत लिया है। सोहा ने अपनी शादी के सफर को याद करते हुए लिखा कि कुणाल से शादी करना उनके जीवन का सबसे अच्छा फैसला रहा है। उन्होंने पति के साथ बिताए पलों, दोस्ती, समझ और सपोर्ट को अपने रिश्ते की सबसे बड़ी ताकत बताया। पोस्ट के साथ शेयर की गई तस्वीरों में कपल की शानदार केमिस्ट्री साफ झलक रही है। सोहा और कुणाल ने 25 जनवरी 2015 को शादी की थी। शादी के बाद दोनों ने न सिर्फ अपने प्रोफेशनल करियर में संतुलन बनाए रखा, बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ को भी हमेशा लाइमलाइट से दूर और सादगी से जिया। दोनों एक बेटी इनाया के माता-पिता हैं और अक्सर फैमिली मोमेंट्स सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। सोहा के इस पोस्ट पर फैंस और सेलेब्स जमकर प्यार लुटा रहे हैं। कई लोगों ने कपल को 'रियल रिलेशनशिप गोल्स' बताया है।



# 'बॉर्डर 2' देखने का अमीषा पटेल को बेसब्री है इंतजार

हाल ही में अभिनेत्री अमीषा पटेल ने 'बॉर्डर 2' को लेकर अपनी खुशी और उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा कि फिल्म को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं और खास तौर पर तारा सिंह जैसे आइकॉनिक किरदार की झलक देखकर उन्हें काफी रोमांच महसूस हो रहा है। अमीषा ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी समेत सभी कलाकारों ने शानदार काम किया होगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह फिल्म और उसके गानों को बड़े पर्दे पर महसूस करने के लिए बेसब्री से इंतज़ार कर रही हैं। फिल्म की तुलना को लेकर अमीषा पटेल ने साफ राय रखी। उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी तक 'बॉर्डर 2' नहीं देखी है, लेकिन 1997 की 'बॉर्डर' जरूर देखी है। इसके बावजूद जिस तरह से दर्शक इस नई फिल्म को पसंद कर रहे हैं, उससे साफ है कि पूरी टीम ने बेहतरीन काम किया है। उन्होंने 'गदर' और 'गदर 2' का उदाहरण देते हुए कहा कि शुरुआत में दोनों फिल्मों की तुलना हुई थी, लेकिन 'गदर 2' की सफलता के बाद सभी ने माना कि वह अपने आप में एक अलग और शानदार फिल्म है।
अमीषा के मुताबिक फिल्मों की तुलना करना सही नहीं होता, क्योंकि इससे गलत धारणाएं बनती हैं और हर फिल्म को अपनी पहचान के साथ देखा जाना चाहिए। अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी 'बॉर्डर 2' में नई कहानियों और नए चेहरों को शामिल किया गया है। फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भारतीय सेना के जवानों के किरदार में नज़र आ रहे हैं, जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, मेधा राणा और अन्या सिंह अहम भूमिकाओं में दिखाई दे रही हैं। 23 जनवरी को रिलीज़ हुई इस फिल्म के गाने भी दर्शकों के बीच खासे लोकप्रिय हो रहे हैं और उन्हें नॉस्टेल्जिया का एहसास दिला रहे हैं। 'बॉर्डर 2' को गुलशन कुमार और टी-सीरीज के बैनर तले बनाया गया है।
फिल्म के निर्माता भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता हैं। बता दें कि सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के बाद फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छी कमाई कर रही है और दर्शकों का दिल जीतने में भी सफल साबित हो रही है। 1997 में आई सुपरहिट और यादगार फिल्म 'बॉर्डर' की इस सीक्वल ने न सिर्फ पुरानी यादों को ताज़ा किया है, बल्कि नई पीढ़ी के दर्शकों को भी देशभक्ति के जज़्बे से जोड़ दिया है। आम दर्शकों से लेकर फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग तक, हर तरफ फिल्म की चर्चा और तारीफ हो रही है।

# फिटनेस का शानदार नमूना पेश किया अक्षरा सिंह ने



अपनी फिटनेस और मेहनत का भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने फिर शानदार नमूना पेश किया है। अभिनेत्री अपनी फिटनेस को लेकर बेहद गंभीर हैं और नियमित रूप से जिम में एक्सरसाइज करती हैं। उन्होंने अपनी कुछ नई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं, जिनमें वे अपनी टोंड और फिट बॉडी फ्लॉन्ट करती नजर आईं। उनकी यह फिटनेस जर्नी फैंस के लिए मोटिवेशन का स्रोत बनी हुई है। इस बार भी उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वे लटकते हुए पुल-अप्स और हैंगिंग लेग रेज करती दिख रही हैं। कुछ तस्वीरों में वे ओपन जिम में एक्सरसाइज करती दिख रही हैं, तो कुछ में उनके मजबूत आर्म्स, टाइट एब्स और संपूर्ण फिट बॉडी साफ नजर आ रही है। स्पोर्ट्सवियर में उनका लुक एनर्जेटिक और आकर्षक लग रहा है। तस्वीरों को देखकर फैंस अंदाजा लगा सकते हैं कि अक्षरा फिटनेस को कितनी गंभीरता से लेती हैं। पोस्ट में उन्होंने सिर्फ एक इमोजी का इस्तेमाल किया है, लेकिन फैंस कमेंट सेक्शन में उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। अक्षरा सिंह ने सत्यमेव जयते से डेब्यू किया था और इसके बाद उन्होंने भोजपुरी सिनेमा में कई हिट फिल्में दी हैं, जिनमें सत्या, सरकार राज, मां तुझे सलाम, धड़कन, तबादला, सत्य, प्रेम विवाह, साथिया, दिलेर, सौगंध गंगा मैया के शामिल हैं। इसके अलावा वे टीवी शो बिग बॉस ओटीटी, सर्विस वाली बहू, पोरस और काला टीका में भी नजर आ चुकी हैं। अभिनेत्री जल्द ही निरहुआ के साथ फिल्म सात फेरे चार वचन और अम्बे है मेरी मां में दिखाई देंगी। दोनों फिल्मों की शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब ट्रेलर रिलीज का इंतजार है।



# हिंदी सिनेमा अपनी जड़ों से हो गया है दूर: प्रकाश राज

नेशनल अवॉर्ड विनर प्रकाश राज एक बार फिर से अपने बयान को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। उनका मानना है कि मेनस्ट्रीम हिंदी सिनेमा अपनी जड़ों से दूर हो गया है, और ज्यादा से ज्यादा नकली और पैसे पर फोकस हो गया है। प्रकाश ने हिंदी सिनेमा की खुलकर आलोचना की। रिपोर्ट के अनुसार, प्रकाश ने कहा, अभी के समय में, मुझे लगता है कि मलयालम और तमिल सिनेमा बहुत अच्छी फिल्में बना रहे हैं... दूसरी ओर, हिंदी सिनेमा अपनी जड़ों से भटक गया है। सब कुछ सुंदर, शानदार, प्लास्टिक जैसा दिखता है, जैसा कि आप मैडम तुसाद म्यूजियम में देखते हैं। हमारे (साउथ सिनेमा) पास अभी भी दिखाने के लिए कहानियां हैं; तमिल के नए युवा डायरेक्टर दलित मुद्दों पर बात कर रहे हैं और इससे बहुत उम्मीद मिलती है। इंडस्ट्री ने दर्शकों के साथ अपना कनेक्शन खो दिया है।
प्रकाश राज ने आगे कहा, मल्टीप्लेक्स आने के बाद, बॉम्बे फिल्म इंडस्ट्री सिर्फ मल्टीप्लेक्स के लिए फिल्में बनाने लगी, क्योंकि वे अच्छा चल रही थीं। वे उस पेज 3 कल्चर में चले गए, और इसके साथ ही ग्रामीण राजस्थान और बिहार से उनका कनेक्शन खत्म हो गया... आज, सब कुछ पैसे और दिखावे के बारे में है -- रील्स, पेज 3 कवरेज, और जोरदार सेल्फ-प्रमोशन। मुझे लगता है कि इस चक्कर में इंडस्ट्री ने दर्शकों के साथ अपना कनेक्शन खो दिया है। बता दें कि प्रकाश राज आखिरी बार हिंदी फिल्म तेरे इश्क में में दिखे थे। इस मूवी में उनके साथ धनुष और कृति सेनन लीड रोल में थे। इस मूवी में उन्होंने धनुष के पिता का किरदार निभाया था।
प्रकाश राज अब जल्द ही पॉलिटिकल एक्शन ड्रामा जना नायकन में नजर आएंगे। यह एक्टर के तौर पर विजय की आखिरी फिल्म होगी। प्रकाश राज हिंदी के अलावा कन्नड़, तमिल, मलयालम, इंग्लिश और मराठी फिल्मों के लिए काम करते हैं। वो 5 बार नेशनल अवॉर्ड जीत चुके हैं। उन्होंने अपने करियर में 400 से ज्यादा फिल्में की हैं। एक्टर प्रकाश राज ने साउथ से लेकर बॉलीवुड तक अपनी एक्टिंग का दम दिखाया। प्रकाश अपनी शानदार फिल्मों जैसे सिंघम, दबंग 2 और वांटेड के लिए जाने जाते हैं। प्रकाश अपने बेबाक बयानों के लिए भी जाने जाते हैं।



# सर्दियों में पशुओं की देखभाल कैसे करें

भारत में सर्दियाँ कई क्षेत्रों में अत्यधिक ठंडी और कोहरे वाली होती हैं, जो पशुओं के स्वास्थ्य, उत्पादन और वृद्धि पर सीधा असर डालती हैं। तापमान गिरने से दूध उत्पादन कम होना, जानवरों का सुस्त होना, भूख में कमी और श्वसन संबंधी रोग आम हो जाते हैं। ऐसे में पशुपालकों के लिए जरूरी है कि वे समय रहते समुचित प्रबंधन करें। इस लेख में सर्दियों में पशुओं की देखभाल के सभी पहलुओं को विस्तार से समझाया गया है

## पशुओं के लिए गर्म और सुरक्षित आश्रय

शेड को ठंडी हवा से बचाएँ – सर्द हवाएँ और कोहरा पशुओं में निमोनिया, खांसी और जुकाम का बड़ा कारण बनते हैं।

शेड के उत्तर और पश्चिम दिशा को बंद रखें, क्योंकि अधिकतर ठंडी हवा यहीं से आती है।

शेड की दीवारों में दरारें हों तो भरवाएँ।

बांस की चटाई, प्लास्टिक शीट या तिरपाल लगाकर हवा रोकने की व्यवस्था करें।

सूखी और मुलायम बिछावन की व्यवस्था

फर्श पर भूसा, सूखी घास, लकड़ी की बुराद या रबर मैट बिछाएँ।

गीली बिछावन बैक्टीरिया बढ़ाती है, इसलिए रोजाना साफ रखें।

## छत और फर्श का तापमान नियंत्रित रखें

टीन की छत ठंडा करती है—ऊपर सूखी घास, भूसे के बोरे या थर्मल शीट रखें।

कंक्रीट फर्श ठंडा होता है, इसलिए मोटी बिछावन अनिवार्य है।

पौष्टिक आहार और चारे का सही प्रबंधन

सर्दियों में शरीर गर्म रखने के लिए पशुओं की ऊर्जा की मांग 20–30% तक बढ़ जाती है

हरे चारे की कमी का समाधान – सर्दियों में हरे चारे की उपलब्धता कम हो जाती है।

सिलेज, हाइड्रोपोनिक चारा, सुखा चारा + कंसंट्रेट का मिश्रण प्रयोग करें।

मेथी, बरसीम, जई और मिश्रित हरे चारे का उपयोग सबसे उपयुक्त है।

गुनगुना पानी पिलाना क्यों जरूरी है? – ठंडा पानी पीने से पशुओं के शरीर का तापमान अचानक गिरता है और वे कम पानी पीते हैं।

दूध देने वाले पशुओं को दिन में 3–4 बार गुनगुना पानी पिलाएँ।

नवजात और कमजोर पशुओं के लिए यह और भी महत्वपूर्ण है।

## जानें सर्दी के मौसम में पशुओं की सुरक्षा, रखरखाव और खानपान से जुड़े जरूरी उपाय

कड़ाके की ठंड के चलते पशुओं के स्वास्थ्य और दूध उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। लगातार गिरते तापमान और शीतलहर के कारण पशु बीमार पड़ सकते हैं, जिससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसे देखते हुए पशुपालन विभाग की ओर से किसानों और पशुपालकों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की गई है। यूपी मऊ के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार गिरि ने सर्दी के मौसम में पशुओं की उचित देखभाल, आवास और खानपान को लेकर जरूरी दिशा–निर्देश दिए हैं। यदि आप इन दिशा–निर्देशों का पालन करते हैं तो इससे आप अपने पशुओं को कंड़ाके की ठंड से बचा पाएंगे ही साथ ही इस मौसम में भी बेहतर दूध प्राप्त करने में सफल हो सकेंगे, तो आइए जानते हैं, इसके बारे में।

## पशु को खुले आसमान के नीचे नहीं बांधे

डॉ. गिरि ने बताया कि पशु–पक्षियों को खुले आसमान के नीचे या खुले स्थान पर बांधना नुकसानदायक हो सकता है। सर्द हवाओं से बचाव के लिए पशुओं को घिरी हुई जगह, छप्पर या शेड से ढके स्थानों में ही रखा जाए। पशु बाड़े में रोशनदान, दरवाजे और खिड़कियों को आवश्यकतानुसार टाट या बोरे से ढक दें, ताकि ठंडी हवा सीधे अंदर न आ सके। साथ ही, इस बात का भी ध्यान रखें कि बाड़े में हवा के उचित आवागमन की व्यवस्था बनी रहे।

## पशु बाड़े की साफ–सफाई का रखें ध्यान

पशु बाड़े की साफ–सफाई सर्दियों में बेहद जरूरी हो जाती है। गोबर और मूत्र निकास की समुचित व्यवस्था रखें और कहीं भी जलभराव न होने दें। नमी और सीलन से पशुओं में कई तरह की बीमारियां फैल सकती हैं। बिछावन के लिए भूसा, लकड़ी का बुरादा या गन्ने की खोई का प्रयोग करें, जिससे पशु ठंड से सुरक्षित रह सकें। बाड़े को हमेशा सूखा और स्वच्छ रखें।

ठंड से बचाने के लिए पशु को जूट के बोरे से बना झूल पहनाएं

ठंड से बचाव के लिए पशुओं को जूट के बोरे से बना झूल पहनाना लाभकारी होता है। इस बात का ध्यान रखें कि झूल सही तरीके से पहना हो और खिसके नहीं। जरूरत पड़ने पर पशु बाड़े के बाहर या सुरक्षित दूरी पर अलाव जलाया जा सकता है, लेकिन पशुओं और उनके बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। अलाव पशुओं की पहुंच से दूर रखें और यदि बाड़े के पास अलाव जलाया जाए तो गैस निकलने के लिए रोशनदान अवश्य खुला रखें।

## सर्दियों में पशुओं के खानपान का भी रखें विशेष ध्यान

सर्दियों में पशुओं के खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। संतुलित आहार देने से न सिर्फ पशु स्वस्थ रहते हैं, बल्कि दूध उत्पादन भी प्रभावित नहीं होता। आहार में खली, दाना और चोकर की मात्रा बढ़ा दें, ताकि पशुओं को अतिरिक्त ऊर्जा मिल सके। पशुओं को हमेशा ताजा और स्वच्छ पानी पिलाएं। अत्यधिक ठंड में पशुओं को गुनगुना पानी देना अधिक लाभकारी होता है। दूध निकालने के बाद पशुओं को खुले स्थान पर धूप में कुछ समय के लिए खड़ा करना चाहिए, जिससे उनके शरीर को गर्माहट मिल सके। नवजात बच्चों को खीस (कोलस्ट्रम) अवश्य पिलाएं, क्योंकि इससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।



# गेहूं भंडारण के घरेलू उपाय: बिना कीड़े और नमी के सुरक्षित रखे अपना अनाज

**हर किसान के लिए गेहूं की कटाई के बाद सबसे बड़ी चुनौती उसका सही भंडारण करना होता है। यदि भंडारण ठीक से न किया जाए, तो गेहूं में कीड़े लग सकते हैं और नमी के कारण सड़ने की संभावना भी बढ़ जाती है। इससे महीनों की मेहनत पर पानी फिर सकता है। इसलिए, सही तरीके से भंडारण करना बहुत जरूरी है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार कुछ पारंपरिक और आसान उपाय अपनाकर गेहूं को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है।**

## नीम की पत्तियां देंगी सुरक्षा

कई किसान गेहूं को स्टोर करते समय उसमें नीम की सूखी पत्तियां डालते हैं। नीम में प्राकृतिक कीटनाशक गुण होते हैं, जिससे गेहूं में घुन या अन्य कीड़े नहीं लगते। इसके लिए नीम की हरी पत्तियों को छाया में सुखाकर गेहूं की बोरियों या टंकियों में डाल दें।

## बुझे हुए चूने का इस्तेमाल करें

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, गेहूं को कीड़ों से बचाने के लिए बुझे हुए चूने का उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए चूने को कपड़े की छोटी–छोटी पुड़ियों में भरकर गेहूं के बीच रख दें। चूना नमी को सोख लेता है और गेहूं को लंबे समय तक सुरक्षित रखता है।

## माचिस की डिब्बी भी करेगी काम

अगर नीम की पत्तियां या चूना उपलब्ध न हो, तो किसान गेहूं के भंडारण के दौरान उसमें माचिस की डिब्बी डाल सकते हैं। माचिस में मौजूद फास्फोरस और सल्फर गेहूं को सुरक्षित रखने में मदद करते हैं और कीड़ों से बचाव होता है।

## भंडारण के दौरान रखें ये सावधानियां

गेहूं को अच्छी तरह साफ करके ही स्टोर करें।

गेहूं के दानों में मिट्टी, खरपतवार या अन्य अनाज के बीज न हों।

हमेशा दोपहर के समय गेहूं का भंडारण करें, सुबह या शाम के समय नमी अधिक होती है।

भंडारण के लिए प्लास्टिक, स्टील या लोहे की टंकी का उपयोग करें।

बोरियों में भंडारण करते समय उन्हें लकड़ी के तख्तों पर रखें, ताकि नमी का असर न हो।

## पुराने तरीके आज भी कारगर

पहले किसान मिट्टी के कुठलों में गेहूं का भंडारण करते थे, जिससे उसमें नमी नहीं रहती थी और अनाज सुरक्षित रहता था। हालांकि, आजकल स्टील और प्लास्टिक की टंकियों का उपयोग ज्यादा होने लगा है। फिर भी, सही तरीके और सावधानियां बरतकर किसान अपना गेहूं सालों तक सुरक्षित रख सकते हैं।

अगर आप भी अपने गेहूं को लंबे समय तक सुरक्षित रखना चाहते हैं, तो ये घरेलू और पारंपरिक उपाय जरूर अपनाएं। इससे आपका अनाज न केवल कीड़ों से बचा रहेगा, बल्कि खाने के लिए भी पूरी तरह सुरक्षित रहेगा।

## भंडार तक कीट पहुंचने के स्त्रोत

–कुछ कीट अनाज, दालों व उनकी फलियों पर दिए अंडों के कारण गोदामों तक पहुंच जाते हैं।

–खलिहान या कू ड़े करकट में छिपे कीट भी गोदाम तक पहुंच सकते हैं।

–अनाज ढोने के वाहन में छिपे कीट भी भंडार गृह में प्रवेश कर सकते हैं।

–कई बार पुराने बोरों के प्रयोग से भी ये कीट नये अनाज तक पहुंच जाते हैं।

–गोदाम की दीवारों की दरारों, गोदाम में बने बिलों से निकलकर भी कीट अनाज में मिल सकते हैं।

भंडारण से पहले सावधानी

–गोदाम पक्का और दीवारें नमी विरोधी होनी चाहिये।

–गोदाम में दरारें, छिद्र हैं तो इन्हें सीमेंट से बंद कर दें।

–पुराने गोदामों के प्रयोग से पहले इन्हें अच्छी तरह साफ कर लें।

–भंडारण से पहले भंडार गृह में सेल्फास, डीलोसिया या फासराक्सीन का धुआं करें।

–एक हजार घन फुट के भंडार गृह में सेल्फास की 10 गोलियां डालें

–भंडारण न होने की स्थिति में फर्श पर अनाज का ढेर लगाकर तिरपाल या पॉलीथिन से ढंक दें। अनाज के ढेर में प्रति टन 12 सेल्फास की गोलियां रखें और तिरपाल के किनारों को मिट्टी से बंद कर दें।

–यदि भंडारण में पुराने बोरों का प्रयोग करना है तो इन्हें एक प्रतिशत मैलाथियान के घोल में 10 मिनट तक डुबो दें और सुखाकर प्रयोग करें।

### इन बातों का रखें ध्यान

–भंडारण से पहले अनाज को अच्छी तरह सुखाकर साफ करें।

–भंडारण के समय अनाज में 10 प्रतिशत से अधिक नमी न हो।

–भंडारण के बाद दरवाजे तथा खिड़कियों के जोड़ों को भली प्रकार गीली मिट्टी से बंद कर दें। लेकिन एक वेंटीलेटर जरूर बनायें।

–गोदामों के आसपास गंदगी न रहने दें।

–एक गोदाम में एक ही प्रकार का अनाज भंडारित करें।

### कम लागत में ऐसे करें भंडारण

घरेलू प्रयोग के लिए लोहे की टंकी आदि में गेहूं को सुरक्षित रखने के लिए यह तरीका भी अपनाया जा सकता है। टंकी में एक कुंटल गेहूं भंडारित करते समय एक माचिस (तीलियों से भरी) तली में, दूसरी मध्य में तथा तीसरी माचिस सबसे ऊपर रखनी चाहिए। एक किलो नीम की पत्तियों को छाया में सुखाकर भंडार करने से पहली टंकी की तली में बिछाना चाहिए। इससे गेहूं खराब नहीं होगा। डा. शुकंतला गुप्ता कहती हैं कि यह तरीका कम मात्रा में गेहूं को भंडारित करने का है।



# चने की फसल की कटाई और भंडारण करने का तरीका

चना एक प्रमुख दलहनी फसल है जिसकी बुआई रबी सीजन में की जाती है. इस समय चने की बुआई को एक महीने का समय बीत चुका है और कुछ महीनों बाद इसकी फसल पक जाएगी. इसके बाद इसकी कटाई और भंडारण की आवश्यकता पड़ती है. गौरतलब है कि दलहनी फसलों के भंडारण की उपयुक्त व्यवस्था करना पड़ती है. यह नमी की अधिकता के कारण खराब हो जाता है. तो आइए जानते हैं चने की फसल की कटाई और भंडारण कैसे करना चाहिए.

चना एक प्रमुख दलहनी फसल है जिसकी बुआई रबी सीजन में की जाती है. इस समय चने की बुआई को एक महीने का समय बीत चुका है और कुछ महीनों बाद इसकी फसल पक जाएगी. इसके बाद इसकी कटाई और भंडारण की आवश्यकता पड़ती है. गौरतलब है कि दलहनी फसलों के भंडारण की उपयुक्त व्यवस्था करना पड़ती है. यह नमी की अधिकता के कारण खराब हो जाता है. तो आइए जानते हैं चने की फसल की कटाई और भंडारण कैसे करना चाहिए.

## चने की खेती के लिए सिंचाई

भारत में चने की खेती सिंचित और असिंचित दोनों क्षेत्रों में की जाती है. सिंचित क्षेत्र के लिए पलेवा करके इसकी बुआई की जाती है. इसके बाद इसमें सिंचाई की आवश्यकता नहीं पड़ती है. लेकिन यदि आपके पास सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था है तो बुआई के 30 से 40 दिनों इसमें एक सिंचाई कर देना चाहिए. जिससे इसकी पैदावार में इजाफा हो जाता है.



## चने की खेती के लिए खरपतवार नियंत्रण

अच्छी पैदावार के लिए चने की फसल की सही समय पर निराई गुड़ाई करना बेहद आवश्यक है. बुआई के 30 से 40 दिनों के बाद खेत की अच्छे से निराई गुड़ाई कर दें. वहीं खरपतवार नियंत्रण के लिए पेंडीमेथालिन 30 ई.सी. को 2–5 लीटर की मात्रा में घोलकर छिड़काव करें. वहीं जिन क्षेत्रों में घास अधिक है वहां क्यूजालोफोप इथाईल 5.0 ई.सी. का छिड़काव करना चाहिए.

## चने की फसल के लिए कटाई

जब फसल पककरसुखने लगे तब इसकी कटाई करना चाहिए. कटाई के बाद इसकी मड़ाई की जाती है. वहीं इसे आप थ्रेसर में भी निकाल सकते हैं. दरअसल, चने की फसल अच्छी तरह सूख जाने के बाद इसे खलियान में इकट्ठा करके दाने और भूसे को अलग किया जाता है.

## चने की फसल के लिए भंडारण

बता दें कि चने की फसल नमी की अधिकता होने पर ख़राब हो जाती है. वहीं इसमें अन्य दलहनी फसलों की तरह घुन अधिक लगता है इसलिए इसे अच्छी तरह सुखाकर उपयुक्त जगह भंडारित करना चाहिए.

# चने का दुश्मन है घुन, इस घरेलू नुस्खे से करें उपज का बचाव

चने का भंडारण करते समय नमी का ध्यान रखना चाहिए. दानों को सुखाने के बाद उनमें नमी की मात्रा 10–12 प्रतिशत रखनी चाहिए. ऐसा न करने पर चने के दानों को घुन लगने से नुकसान होता है. अधिकतर देखा गया है कि स्थानीय चने की अपेक्षा काबुली चने में घुन का प्रकोप अधिक होता है.

महिलाएं अनाज में लगने वाले कीड़े से बेहद परेशान रहती हैं. यह समस्या अधिकतर बरसात के मौसम में देखने को मिलती है. दालों पर आक्रमण करने वाले कीट इतने छोटे होते हैं कि वे दानों में छेद करके अंदर घुस जाते हैं. ये कीड़े आपके घरों में रखे अनाज को नुकसान पहुंचाते हैं और अगर आप ऐसे अनाज का इस्तेमाल खाने में करते हैं तो आपको कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है. शायद यही कारण है कि घुन को चने का दुश्मन भी कहा जाता है. ऐसे में घरेलू नुस्खे का इस्तेमाल कर चने को घुन से बचाया जा सकता है.

चने का भंडारण करते समय नमी का ध्यान रखना चाहिए. दानों को सुखाने के बाद उनमें नमी की मात्रा 10–12 प्रतिशत रखनी चाहिए. ऐसा न करने पर चने के दानों को घुन लगने से नुकसान होता है. अधिकतर देखा गया है कि स्थानीय चने की अपेक्षा काबुली चने में घुन का प्रकोप अधिक होता है.

चना को घुन से बचाने का उपाय

चने को धूप में अच्छी तरह सुखाकर भंडारण में रखना चाहिए.

पॉलिथीन युक्त बोरियों और आधुनिक भंडारण तकनीकों का उपयोग किया जाना चाहिए.



अनाज को 8–10 ग्राम प्रति किलोग्राम की दर से सरसों, महुआ या नारियल के तेल से उपचारित करने से घुन का प्रकोप कम हो जाता है.

भंडारण के लिए एयर टाइट डिब्बे का उपयोग करें. प्रति 10 किलोग्राम बीज में 2 गोलियां रखने से घुन से होने वाले नुकसान से बचाव किया जा सकता है.

थोक भंडारण के लिए ईडीबी. एम्पौल्स का प्रयोग करना चाहिए.

चना को बचाने के घरेलू नुस्खे

आप सभी प्रकार की दालों और अनाजों को लंबे समय तक स्टोर करते समय इस विधि को अपना सकते हैं. चने को कीड़ों से बचाने के लिए साबुत लाल मिर्च का प्रयोग करें. इसके लिए सूखी लाल मिर्च को सीधे चने रखने वाले कन्टेनर में डाल दीजिए. मिर्च की गंध से कीड़े अनाज से दूर रहते हैं.

चने को हमेशा कांच के एयर–टाइट कंटेनर में रखें ताकि उसमें कीड़े न पड़ें. भंडारण करते समय इस बात का ध्यान रखें कि कंटेनर में नमी मौजूद न हो.

चने को कीड़ों से बचाने के लिए डिब्बे में दो–चार तेजपत्ते डाल दें. तेजपत्ते की तेज खुशबू चने में खुशबू लाएगी और उन्हें कीड़ों से भी दूर रखेगी. तेजपत्ते की महक चने से नमी सोख लेती है और कीड़े भी भगा देती है.

अगर आप चने को लंबे समय तक स्टोर करके रखना चाहते हैं तो इन्हें स्टोर करते समय डिब्बे में कुछ दालचीनी की छड़ें रख दें. दालचीनी की महक आपके चने में कीड़े लगने से बचाएगी. दालचीनी कीड़ों के लिए कीटनाशक की तरह काम करती है.

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com